

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 199 | ग्वालियर, शनिवार, 09 अप्रैल, 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## पाली शहर की प्यास बुझाने 15 से जोधपुर से फिर चलेगी वाटर ट्रेन

■ वाटर ट्रेन का संचालन शुरू करने के प्रस्ताव को रेलवे ने हरी झंडी दिखाई

■ जोधपुर की भगत की कोठी से पाली के लिए रोज दो रैक संचालित किए जाएंगे

**जोधपुर।** राजस्थान के पाली शहर की प्यास बुझाने के लिये इस बार फिर वाटर ट्रेन चलेगी। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने पाली में पेयजल के बिगड़ते हालात के बीच 15 अप्रैल से वाटर ट्रेन का संचालन शुरू करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखा दी है। रेलवे ने इसके लिए वाटर स्पेशल ट्रेन शुरू करने की तैयारियां युद्ध स्तर पर तेज कर दी हैं। वहीं पाली जिला प्रशासन ने जोधपुर से वाटर ट्रेन से आने वाले पानी की व्यवस्थित सप्लाई से पाली शहर की प्यास बुझाने के इंतजाम कर लिए हैं। राजस्थान में इस बार गर्मी ने 15 मार्च के बाद से अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिये थे। अप्रैल में गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। अप्रैल के पहले में ही कई शहरों का तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। वहीं पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर में तो पारा 42 डिग्री को भी छूकर आ गया।



राजस्थान में दिनोंदिन तेज होती गर्मी के बीच जलसंकट गहराने के आसार बनने लगे हैं। पाली शहर में जलापूर्ति की स्थिति बिगड़ने पर वाटर ट्रेन चलाई जाती है। रेल प्रशासन और पाली जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ डीआरएम आफिस में हुई उच्च स्तरीय बैठक में वाटर स्पेशल ट्रेन के संचालन से जुड़े प्लान पर गहन चर्चा की गई। मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में संभागीय आयुक्त राजेश शर्मा ने भी शिरकत की। बैठक में उन्होंने बताया कि गर्मियों में पश्चिमी राजस्थान में पेयजल की समस्या खड़ी हो जाती है। विशेषकर पाली में पेयजल की आपूर्ति जोधपुर से वाटर ट्रेन के माध्यम से करने के संबंध में राज्य सरकार ने स्वीकृति जारी की है। बैठक में डीआरएम पांडेय ने कहा कि रेलवे पेयजल संकट की घड़ी में पाली जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर वाटर ट्रेन से पानी सप्लाई करने के प्रति गंभीर है।

वहां मांग और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप वाटर ट्रेन चलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जोधपुर की भगत की कोठी से पाली के लिए प्रतिदिन दो रैक संचालित किए जाएंगे। प्रत्येक रैक में 40 वैगन होंगे। प्रत्येक वैगन में 50 हजार लीटर पानी होगा। इसके हिसाब से 40 वैगन में बीस लाख लीटर पानी आता है। इस तरह चार फेरों में कुल 80 लाख लीटर पानी प्रतिदिन पाली पहुंचाया जायेगा।

## नक़वी का आप पार्टी पर निशाना, कहा- गोवा की तरह हिमाचल के लोग भी इन्हें बुरी तरह से हराएंगे

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने है और आम आदमी पार्टी यहां भी काफी आस लगाए है। मंडी में रोड शो के बाद भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने आप पार्टी पर जमकर निशाना साधा।



पत्रकारों से बातचीत में नक़वी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सपनों के सौदागरों का सिंडिकेट है। ये केवल सपनों की दुकान चलाते हैं। ये लोग गोवा और हिमाचल प्रदेश में अपने सपनों का एक्सपेरिमेंट करना चाहते हैं। ये लोग वहां एक्सपोज भी होंगे और वहां लोग इन्हें बुरी तरह से हराएंगे। मालूम हो कि बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रोड शो में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। दोनों नेताओं ने रोड शो में संबोधित भी किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में आकर अच्छा लगा रहा है। इतने शानदार स्वागत के लिए शुक्रिया। रोड शो में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा ज्यादा नजर आ रहा है।

## अंग्रेजी छोड़ हिंदी में ही बात करें: अमित शाह


**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अलग अलग राज्यों के लोगों को आपस में अंग्रेजी की जगह हिंदी में बात करनी चाहिए। उनका मानना है कि हिंदी को देश की राष्ट्रीय भाषा बनाने का समय आ गया है।गृह मंत्रालय ने बताया कि अमित शाह ने यह बात संसद की आधिकारिक भाषा समिति की एक बैठक में कही। मंत्रालय के मुताबिक उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फैसला किया है कि सरकार को चलाने का माध्यम ही आधिकारिक भाषा है, और इससे निश्चित रूप से हिंदी का महत्व बढ़ेगा। शाह ने आगे कहा, ÷अब समय आ गया है कि आधिकारिक भाषा को देश की एकता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाए। जब अलग अलग भाषाएं बोलने वाले राज्यों के लोग एक दूसरे से बात करें तो उन्हें भारत की भाषा में बात करनी चाहिए÷ हिंदी थोपे जाने का विरोध शाह पहले भी हिंदी को राष्ट्रीय भाषा बनाने की बात कर चुके हैं। 2019 में उन्होंने कहा था की अगर ऐसी कोई एक भाषा है जो पूरे देश को एक सूत्र में बांध सकती है, तो वो हिंदी है। उनके इस बयान का काफी विरोध किया गया था और इसे केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश पर हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में देखा गया था। शायद इसलिए इस



बार शाह ने सावधानीपूर्वक यह कहा कि हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के रूप में मान लेना चाहिए, न कि स्थानीय भाषाओं के। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी को भी और लचीला बनाया जाना चाहिए और उसमें दूसरी स्थानीय भाषाओं से शब्दों को जोड़ लेना चाहिए। भारत के संविधान में किसी भी भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। अंग्रेजी और हिंदी के अलावा 21 प्रादेशिक भाषाओं को आधिकारिक भाषाओं का दर्जा दिया गया है। राज्यों के बीच संवाद के लिए अंग्रेजी का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है। हिंदी को सरकारी बढ़ावा लेकिन एनडीए सरकार लंबे समय से हिंदी के इस्तेमाल का विस्तार करने की कोशिश कर रही है, जिसका देश के कई कोनों में विरोध भी किया जाता है। शाह ने खुद बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल का 70 प्रतिशत अजेंडा अब हिंदी में तैयार किया जाता है। यहां तक कि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिंदी के 22,000 शिक्षकों की भर्ती कराई गई है। शाह ने यह भी बताया कि पूर्वोत्तर के नौ जनजातीय समुदायों ने अपनी बोलियों की लिपि को देवनागरी में परिवर्तित कर लिया है। इसके अलावा सभी आठ राज्य हिंदी को स्कूलों में दसवीं कक्षा तक अनिवार्य करने पर भी सहमत हो गए हैं। कब तक कानून की भाषा सिर्फ अंग्रेजी और हिंदी बनी रहेंगी?) गृह मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि नौवीं कक्षा तक छात्रों को हिंदी का मूल ज्ञान देने की जरूरत है और हिंदी पढ़ाने की परीक्षाओं पर भी और ध्यान दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि हिंदी के शब्दकोष का दोबारा अवलोकन कर उसे फिर से छापने की भी जरूरत है। हिंदी के विस्तार पर केंद्र सरकार के इस जोर को लेकर फिर से विरोध शुरू हो रहा है। कांग्रेस पार्टी की केरल इकाई ने एक ट्वीट में कहा कि बीजेपी को हिंदी को विकल्प के रूप में थोपना नहीं चाहिए।

## भागलपुर में फिर मिला चार जिंदा बम, लोगों में मची अफरा-तफरी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**भागलपुर।** भागलपुर में बम धमाका हुए करीब एक महीना होने को है। इससे लोग उबर भी नहीं पाए कि पुनः 4 जिंदा बम मिलने से लोगों के होश उड़ गए ! आपको बता दें कि पिछले दिनों पटाखों और बारूद से भागलपुर में काफी तबाही हुई थी ! घटना के बाबत पुलिस प्रशासन कई जगहों पर बारूद व पटाखों के व्यवसायियों के गोदाम में छापेमारी भी की ,फिर भी कुछ दिन पहले बूढ़ानाथ में एक बम मिलने की घटना सामने आई थी। हालांकि एसएसपी ने पुष्टि किया कि वह बम नहीं था। फिर आज नाथनगर सीटीएस मैदान जहां दरोगा व सिपाहियों की ट्रेनिंग होती है वहां के पिछले बाउंड्री के पीछे 4 जिंदा बम मिलने की बात सामने आ रही है। बम से अभी तक भागलपुर व भागलपुर के आस-पास के क्षेत्रों में कई लोग घायल हो चुके हैं ! भागलपुर में बम को लेकर इतनी बड़ी व छोटी घटनाएं आय दिन होती रहती हैं, फिर भी भागलपुर में बम निरोधक दस्ता नहीं होना एक बड़ा सवाल खड़ा करती है ? वहीं सीटीएस ग्राउंड के पीछे 4 जिंदा बम मिलने के कारण पूरा इलाका दहशत में है ! पुलिस महकमे में हड़कंप मच गई है और बम की सूचना मिलने पर पुलिस जवान और स्थानीय थाना , नगरथाना की पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।



## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इमरान ने बुलाई कैबिनेट और संसदीय दल की बैठक, आज देश को करेंगे संबोधित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में देश की नेशनल असेंबली को फिर से बहाल कर दिया और इमरान खान को 9 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने के लिए कहा। इस फैसले के बाद इमरान खान ने ट्वीट करके ऐलान किया है कि वह शुक्रवार को पाक अवाम को संबोधित करेंगे। इमरान खान ने अपने ट्वीट में लिखा मैंने कल कैबिनेट की बैठक बुलाई है। इसके साथ ही संसदीय दल की बैठक भी बुलाई है और मैं कल देश को संबोधित भी करूंगा। देश के लिए मेरा संदेश ये है कि मैं हमेशा से पाकिस्तान के लिए संघर्ष करता रहा हूं। और आखिरी बॉल तक संघर्ष करूंगा। इससे पहले पाकिस्तान के चीफ जस्टिस उमर अता बांदियाल की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने संसद के डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी के अविश्वास प्रस्ताव खारिज करने के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए नेशनल असेंबली को बहाल करने का फैसला सुनाया और कहा है 9 अप्रैल को सदन की बैठक बुलाई जाए। इस बैठक में इमरान खान को उनकी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना होगा। इससे पहले 3 अप्रैल को इमरान खान सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को डिप्टी स्पीकर कासिम खान ने विदेशी साजिश करार देते हुए संविधान के आर्टिकल 5 के तहत रद्द कर दिया था। उसके बाद इमरान खान की सलाह पर पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने संसद भंग कर दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। हालांकि, इस बात की उम्मीद बहुत कम है, लेकिन अगर इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कामयाब नहीं होता तो वह प्रधानमंत्री बने रहेंगे और फिर यह उनका फैसला होगा कि वह संसद को भंग करें या अपनी सरकार के बचे हुए डेढ़ साल का कार्यकाल पूरा करें। अब 9 अप्रैल का पता चलेगा कि इमरान खान की कुर्सी बचती है या छिनती है। पाकिस्तान के संयुक्त विपक्ष ने संसद में नेता प्रतिपक्ष शहबाज शरीफ को अपना प्रधानमंत्री उम्मीदवार चुना है।

## पीएम आवास योजना में तीन करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण पूरा : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महातावाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी सफलता प्राप्त की है। केंद्र सरकार पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ से ज्यादा पक्के घरों का निर्माण कर चुकी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी है। मोदी ने शुक्रवार सुबह एक ट्वीट कर केंद्र सरकार की इस उपलब्धि के बारे में बताया है। पीएम ने इसे महिला सशक्तिकरण का प्रतीक कहा है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, देश के हर गरीब को पक्का मकान देने के संकल्प में हमने एक अहम पड़ाव तय कर लिया है। जन-जन की भागीदारी से ही तीन करोड़ से ज्यादा घरों का निर्माण संभव हो पाया है। मूलभूत सुविधाओं से युक्त ये घर आज महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी बन चुके हैं। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अब तक गरीबों के लिए 2.52 करोड़ पक्के घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से 1.95 लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की जा चुकी है। इस योजना में प्रत्येक लाभार्थी को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन की सुविधा भी दी गई है।

### गुजरात में आपकी रणनीति से सतर्क हुई भाजपा आदिवासी जिले का दौरा करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस महीने के अंत में राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आने की संभावना है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि अपनी यात्रा के दौरान उनके आधिकारिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की उम्मीद है। मोदी के अपने दौरे के दौरान आदिवासी बहुल दाहोद जिले का दौरा करने की संभावना है। एक महीने से भी कम समय में प्रधानमंत्री का यह दूसरा गुजरात दौरा होगा। मोदी ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद 11 मार्च को राज्य का दौरा किया था। भाजपा ने पांच में से चार राज्यों में जीत हासिल की थी, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) ने बहुमत से जीत हासिल की थी। पीएम मोदी ने राज्य की अपनी पिछली यात्रा के दौरान तीन रोड शो किए थे। आपको बता दें कि गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इतना ही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस सप्ताह के अंत में गुजरात का दौरा कर सकते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के दौरे को चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी की नजर राज्य में लगातार सातवीं बार सरकार बनाने पर है। गुजरात में ज्यादातर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला देखा गया था, लेकिन आम आदमी पार्टी के रिंग में आने के साथ, चुनाव एक रोमांचक समय होने जा रहा है।

## कर्नाटक पुलिस ने मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर 7 लोगों को गिरफ्तार किया

### दुबई भेज रहे थे युवतियों को

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई में 7 लोगों को गिरफ्तार कर मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सिटी क्राइम ब्रांच (सीसीबी) के अधिकारियों ने 17 महिलाओं को बचाया है, जिन्हें दुबई ले जाने के लिए तैयार किया गया था। पुलिस ने 95 महिलाओं को दुबई भेजे जाने की जानकारी इकट्ठा की है, 17 पासपोर्ट जब्त किए हैं। ये आरोपी शख्स युवक-युवतियों को लाखों रुपये प्रति माह की मोटी कमाई का लालच देकर जालसाजी करते थे। वे इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों में काम करने वाली लड़कियों को भी लुभाते थे। आरोपियों ने 50,000 रुपये एडवांस रुपये के तौर पर मुहैया कराए और उन्हें दुबई का वीजा दिलाने में मदद




कर वहां भेज दिया। गिरोह ने कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब राज्यों की महिलाओं को भी निशाना बनाया है। आरोपी के दुबई में डांस बार के मालिकों से संबंध थे। एक बार जब लड़कियां दुबई में उतरीं,तब उन्हें डांस बार में परफॉर्म करने के लिए मजबूर किया गया। इसके बाद डांस बार मालिकों ने उन्हें ग्राहकों को आकर्षित करने और उनका मनोरंजन करने के लिए मजबूर किया।अगर लड़कियां ऐसा करने से मना करती हैं, तब उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। पीड़ितों से तत्काल एडवांस रुपये लौटाने को कहा गया। लेकिन लड़कियों के पास रुपये नहीं होने के कारण उन्हें नौकरी जारी रखने के लिए मजबूर किया जाता था। गिरोह में फंसने वाले पीड़ितों में से एक ने पुलिस स्टेशन से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद में मामले की गंभीरता को देखकर आगे की जांच के लिए सीसीबी को सौंप दिया गया। पुलिस ने 3 आरोपियों को कर्नाटक से और 4 को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है।

## यूपी एटीएस का बड़ा खुलासा, जिहादियों को जोड़ने के लिए एक एप बना रहा

**गोरखपुर।** हाल में ही गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में खड़े जवानों पर हमले की कोशिश की गई थी। दावा हैं, कि हमलावर गोरखनाथ मंदिर में घुसने की कोशिश में था। हमलावर का नाम मुर्तजा अब्बासी था। हमले के बाद मुर्तजा अब्बासी को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल कोर्ट ने मुर्तजा अब्बासी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस दौरान यूपी एटीएस लगातार मुर्तजा से पूछताछ कर रही हैं, जिसमें बड़े खुलासे भी हो रहे हैं। एटीएस की पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है कि आरोपी मुर्तजा अब्बासी जिहादियों को जोड़ने के लिए एक एप पर काम कर रहा था। इस एप का नाम मुर्तजा ने गरिमा दिया था। यह



भी जानना जरूरी है, कि गरिमा का अरबी अनुवाद जुल्म होता है। दावा किया जा रहा है कि इस एप के द्वारा वह पियर टू पियर संदेशों का आदान-प्रदान करता था। इस एप को डिजाइन करने का उसका मकसद सिर्फ और सिर्फ उन लोगों को जोड़ना था जो जिहाद के रास्ते पर जाना चाहते थे। इसके अलावा वे उन लोगों को भी इससे जोड़ने की कोशिश कर रहा था जिन्हें लगता था कि मुसलमानों पर जुल्म हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि मुर्तजा किसी बड़े हमले की तैयारी में था। मुर्तजा बातचीत के लिए कोड का इस्तेमाल करता था। इसकारण है कि एटीएस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि वह आईएसआईएस से भी प्रभावित है। इसकारण है कि इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि उसके पास कोई बड़ी जानकारी हो। अब्बासी ने 2015 में आईआईटी मुंबई से केमिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। मुर्तजा ने कई बड़ी कंपनियों में काम किया है, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एस्सार पैट्रोल केमिकल्स शामिल है।

## खास खबर

### ममता ने बंगाल के राज्यपाल धनखड़ से मुलाकात की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजभवन में उनसे मुलाकात की और दोनों ने शासन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। धनखड़ ने कहा मुलाकात एक घंटे से अधिक समय तक चली। उन्होंने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। राज्यपाल धनखड़ ने मुलाकात का एक वीडियो भी साझा किया जिसमें मुख्यमंत्री राजभवन में धनखड़ और उनकी पत्नी के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं। हालांकि इस मुलाकात के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई।

### तपन कांडू की हत्या मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक पूछताछ के लिए तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में कांग्रेस पार्षद तपन कांडू की हत्या की जांच के सिलसिले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने झालदा थाने के प्रभारी निरीक्षक को पूछताछ के लिए तलब किया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। पुरुलिया के झालदा निगम पार्षद तपन कांडू को 13 मार्च को उनके आवास के पास गोली मार दी गई थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। उनकी पत्नी एवं पार्षद पूर्णिमा ने आरोप लगाया है कि उनके पति को मारने में पुलिस अधिकारी की भूमिका है। सीबीआई के अधिकारी ने कहा, हमने तपन कांडू की हत्या के मामले की जांच के सिलसिले में झालदा थाने के प्रभारी निरीक्षक को पूछताछ के लिए तलब किया है। उन्होंने कहा, सीबीआई द्वारा जांच अपने हाथ में लेने से पहले हम मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए चार लोगों की रिमांड की मांग के लिए अदालत का रुख भी करने वाले हैं। कांडू ने फरवरी में हुए निकाय चुनाव में चौथी बार झालदा नगर पालिका के वार्ड नंबर दो से जीत हासिल की थी। वह क्षेत्र के एक लोकप्रिय नेता थे।

### पापा मझसे बोले- जो भी गलतिया करनी है, वो खुद करो, मैं क्यों तुम्हें गाइड करूं :अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन की गुरु फिल्म में उनके असाधारण अभिनय की खूब प्रशंसा हुई अब उनकी ताजा रिलीज हुई फिल्म 'दसवीं' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस वीकेंड वह 'द कपिल शर्मा शो' में फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचेंगे। जूनियर बी के साथ इस दौरान एक्ट्रेस यामी गौतम और निम्रत कौर भी शो में हंसी के ठहाके लगाने वाले हैं। 7 अप्रैल को ओटीटी पर रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शको का काफी प्यार मिल रहा है। शो में शामिल हुए फिल्म के सभी कलाकारों ने अपने-अपने अनुभवों को शेयर किया और मजेदार बातें भी की। 'द कपिल शर्मा शो' में पहुंचे अभिषेक बच्चन ने कपिल शर्मा संग बातचीत में ये खुलासा किया कि अभिषेक ने खुलासा किया कि उनके पापा यानी अमिताभ बच्चन उन्हें अपने करियर में अपनी गलतियां करने की अनुमति देते हैं। शो का एक प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें शो के होस्ट कपिल शर्मा अभिषेक बच्चन से पूछते हैं, क्या वह अमिताभ बच्चन के साथ अपनी फिल्म की स्क्रिप्ट पर चर्चा करते हैं, क्योंकि उन्हें इस काम का सालों से अनुभव है या कहते हैं कि 'माफ कीजिए, हम खुद बड़े बिजी हैं, जाकर किसी और को सुनिए।' कपिल की बात सुन अभिषेक जोर से हंसते हैं और कहते हैं, 'उन्होंने हमेशा ये छूट दी है कि भैया, जो भी गलतिया करनी है, वो खुद करो, मैं क्यों तुम्हें गाइड करूं'। तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित, 'दसवीं' में अभिषेक के प्रदर्शन की काफी प्रशंसा हो रही हैं। फिल्म में उन्होंने एक सजायाफ्ता मुख्यमंत्री की भूमिका निभाई है, जो सलाखों के पीछे से कक्षा 10 से आगे पढ़ने का फैसला करती हैं। निम्रत फिल्म में उनकी पत्नी और नए मुख्यमंत्री की भूमिका में हैं, जबकि यामी एक जेलर की भूमिका में हैं।

### आसाराम आश्रम के अंदर खड़ी कार में मिली युवती की लाश, 4 दिन से थी लापता

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले से बड़ी खबर आ रही है। जहां आसाराम आश्रम के अंदर खड़ी एक कार में युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि युवती बीते 4 दिनों से लापता थी। शहर कोतवाली क्षेत्र के बेमौर गांव के पास आसाराम आश्रम है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, पुलिस आश्रम के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने हत्या के बाद शव को छुपाने की आशंका जाहिर की है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम आश्रम और गाड़ी की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि यह लड़की अपने घर से चार दिन पहले गायब हो गई थी, जिसका शव आसाराम बापू के आश्रम में कई दिनों से खड़ी कार से मिला है। कार के अंदर से दुर्गंध आने पर आश्रम के कर्मचारी ने गाड़ी खोलकर देखा तो उसके अंदर से शव बरामद मिला।

# श्रीकांत और सिंधू कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**संचियोन)।** शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत ने अलग अलग तरीके से अपने मुकाबले जीतकर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और तीसरी वरीयता सिंधू ने महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबाम्रुंगफान पर अपनी 17वीं जीत दर्ज की। अब अगले मुकाबले में जापान की साएना कावाकामी और दूसरी वरीय कोरियाई एन सेयंग के बीच होने वाले मैच की विजेता के सामने होंगी। विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पुरूष एकल स्पर्धा में स्थानीय खिलाड़ी सोन वान हो पर तीन गेम से जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में पहले शीर्ष में रहे दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में श्रीकांत ने अपने ताकतवर और सटीक शॉट से सोन वान हो को एक घंटे से जरा ज्यादा चले क्वार्टरफाइनल में पराजित किया।

श्रीकांत का रिकॉर्ड कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 4-7 का है, जिससे वह पिछले तीन मौकों पर हार गए थे। हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सोन वान हो को पराजित किया जो दो साल के बाद अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन में वापसी कर रहे हैं। पांचवें वरीय श्रीकांत का सामना थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत विदितसर्ण और इंडोनेशिया के तीसरे वरीय जोनाथन क्रिस्टी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। महिला एकल में सिंधू को बुसानन को हराने में कोई दिक्कत नहीं हुई जिसे उन्होंने पिछले महीने स्विस ओपन फाइनल में हराया था। थाईलैंड की खिलाड़ी ने शुरू में 5-2 की बढ़त बना ली थी लेकिन बाद में सिंधू ने अपना शिकंजा कस लिया। सिंधू ने 11-7 की बढ़त के बाद आठ अंक जुटाकर आसानी से गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी चीजें समान रहीं जिसमें सिंधू ने 8-2 की बढ़त के बाद थाईलैंड की खिलाड़ी को पस्त किया। पुरूष एकल में श्रीकांत ने पहले गेम



में बेहतर नियत्रंण दिखाते हुए 11-6 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन सोन वान हो ने जल्द ही इसे 12-14 कर दिया। पर भारतीय खिलाड़ी ने जल्द ही वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। कोरियाई खिलाड़ी ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की और 10-7 की बढ़त बना ली लेकिन श्रीकांत जल्द ही 13-11 से आगे हो लिए। सोन वान हो ने भी वापसी की और यह गेम जीत लिया। जिससे फैसला निर्णायक गेम से होना था जिसमें श्रीकांत ने 4-0 से अच्छी शुरूआत की लेकिन वह 4-6 से पिछड़ गये। हालांकि उन्होंने आक्रामक रिटर्न और सटीक शॉट से वापसी कर ब्रेक तक इसे 11-7 कर दिया। उन्होंने बढ़त जारी रखते हुए इसे 16-10 करने के बाद सटीक रिटर्न से आठ मैच प्वांइट हासिल कर जीत दर्ज की।

## वन-टू-वन

### तीसरी बार युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के शिकार बने डेविड वॉर्नर



**मुंबई।** आईपीएल 2022 के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने दिल्ली कैपिटल्स की टीम है। मैच में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को दिल्ली की प्लेइंग इलेवन में जगह मिली। ऑस्ट्रेलिया की टीम पाकिस्तान दौरे पर थी, इसकारण वॉर्नर आईपीएल का मुकाबला नहीं खेल पा रहे थे। अपने सीजन के पहले मैच में वॉर्नर का बल्ला पूरी तरह शांत रहा। सलामी बल्लेबाजी करने उतरे वॉर्नर 9वें ओवर में 12 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने अपना शिकार बनाया। आईपीएल में बिश्नोई ने तीसरे बार वॉर्नर को आउट किया। पिछले सीजन तक बिश्नोई पंजाब का हिस्सा थे। अभी तक दोनों खिलाड़ियों को आईपीएल में तीन बार सामना हुआ है। इन तीन पारियों में वॉर्नर ने बिश्नोई के खिलाफ 6 गेंद में 5 रन बनाए हैं, और तीन बार आउट हुए हैं। उल्लेखनीय है कि टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। ऋषभ पंत 39 और सरफराज खान 36 रन बनाकर नाबाद रहे। टीम के लिए सबसे अधिक पृथ्वी साव ने 34 गेंदों में 9 चौके और दो छक्के की मदद से 61 रन की पारी खेली। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो, जबकि कृष्णप्पा गौतम ने एक विकेट झटका।

### पराजय के बाद दिल्ली पर एक और गाज, स्लो ओवर रेट के कारण पंत पर लगा भारी जुर्माना

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के रोमांच में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें मैच में लखनऊ ने दिल्ली को 6 विकेट से हरा सीजन की तीसरी जीत दर्ज कर ली है। इस जीत के साथ ही टीम प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली के लिए ये लगातार दूसरी हार है। हार के बावजूद भी दिल्ली की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। स्लो ओवर रेट के कारण दिल्ली के कप्तान रिषभ पंत के ऊपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली के लिए इस सीजन में आइपीएल कोड आफ कंडक्ट के तहत स्लो ओवर रेट का ये पहला अपराध है। इससे पहले मुंबई और सनराइजर्स हैदराबाद पर स्लो ओवर रेट के कारण जुर्माना लगाया जा चुका है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा और सनराइजर्स के कप्तान केन विलियमसन पर स्लो ओवर रेट के कारण ये जुर्माना लगाया गया था। ऐसे में बाकी टीम के कप्तान के लिए ये बड़ी चेतावनी है कि वो इसपर ध्यान दें, जिससे वे इस तरह के जुर्माने से बच सकें क्योंकि यदि इस अपराध को फिर से दोहराया जाता है तो कप्तान को और भी बड़ा जुर्माना देना पड़ सकता है जो उसके और टीम के लिए नुकसानदेह हो सकता है। लखनऊ के खिलाफ मैच की बात करें तो दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ के सामने 150 रनों का लक्ष्य रखा था। लखनऊ के गेंदबाजों के सामने दिल्ली की बल्लेबाजी प्रभावी नहीं रही और आखिरी कुछ ओवरों में टीम तेजी से रन बनाने में नाकामयाब रही। लखनऊ की टीम ने इस लक्ष्य को 2 गेंद शेष रहते 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम की तरफ से क्विंटन डीकाक ने 80 और केएल राहुल ने 24 रनों का योगदान दिया। इस हार के साथ दिल्ली की टीम प्वाइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर खिसक गई है। उसके नीचे केवल सीएसके, हैदराबाद और मुंबई की टीम है जो अपना खाता नहीं खोल पाई है।

### रुपया 13 पैसे चढ़कर 75.90 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मौद्रिक नीति की समीक्षा में रेपो दर को यथावत रखने के बीच विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 13 पैसे चढ़कर 75.90 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक के बाद रेपो दर को चार प्रतिशत पर कायम रखने की घोषणा कर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के पास विशाल विदेशी मुद्रा भंडार है और केंद्रीय बैंक इस 'संरक्षण' देने के लिए तैयार है। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.99 के भाव पर खुला। कारोबार के दौरान यह 75.70 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा और अंत में 75.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 13 पैसे की मजबूती को दर्शाता है। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 19 पैसे की गिरावट के साथ 76.03 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 99.87 पर कारोबार कर रहा था।

### भारत जल्दी ही 2,000 मेगावॉट क्षमता की अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बोली आमंत्रित करेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने कहा कि भारत जल्दी ही 2,000 मेगावॉट क्षमता की अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बोली आमंत्रित करेगा। सिंह ने कहा,''अपतटीय पवन ऊर्जा के बिना हमारी यात्रा अधूरी है। हम गुजरात में 1,000 मेगावॉट क्षमता की परियोजना के लिए बोली आमंत्रित करने वाले है। उसके बाद तमिलनाडु में 1,000 मेगावॉट क्षमता के लिए बोली आमंत्रित की जाएगी।'' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से आगे आने और अपतटीय पवन ऊर्जा में निवेश करने का आग्रह किया। मंत्री ने देश में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन को गति देने के लिये 9,000 मेगावॉट इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण क्षमता के लिए बोली आमंत्रित करने की योजना के बारे में जानकारी दी।

## आईपीएल में केकेआर से हार के बाद रोहित शर्मा ने बढ़ाया टीम का हौसला

**पुणे।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम मुंबई इंडियंस की शुरूआत बेहद खराब रही है। पांच बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी टीम को मौजूदा सत्र में पहली जीत का इंतजार है। 6 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद निराशा में डूबी मुंबई इंडियंस टीम का कप्तान रोहित शर्मा ने हौसला बढ़ाया है। 15वें सत्र की बात की जाए तो मुंबई इंडियंस ने 3 मैच खेले हैं जिनमें सभी मैचों में उसे शिकस्त झेलनी पड़ी। 6 अप्रैल को पुणे में खेले गए मुकाबले में केकेआर की टीम ने मुंबई के घाव पर नमक छिड़का। इस मैच में कोलकाता ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराया। केकेआर के बैटर पैट कमिंस ने आक्रामक बैटिंग करते हुए 14 गेंद पर अर्धशतक लगाया। उन्होंने 15 गेंदों पर 56 रनों की तूफानी पारी खेली। मैच के बाद प्रजेंटेशन सेरेमनी के दौरान रोहित शर्मा ने कहा, इस हार को पचाना मुश्किल होगा। यह मैच कुछ ओवरों में हाथ से निकल गया। हमें बहुत मेहनत करनी है। मैं हर समय इस स्थिति में रहना नहीं चाहता। रोहित के इस बयान से स्पष्ट होता है कि टीम को हर हाल में वापसी करनी होगी। वह अब और मैच नहीं हारना चाहते। इसके अलावा रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया पर मजबूत संदेश देते हुए टीम का मनोबल भी बढ़ाया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, हम जीत और हार में साथ-साथ रहते हैं। ये हमारी ताकत में से एक है। आपने अभी तक कुछ नहीं देखा। आईपीएल 2022 की अंकतालिका पर नजर डाली जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम नौवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस दो ऐसी टीमें हैं जो 3-3 मैच खेल चुकी हैं लेकिन पहली जीत का इंतजार है।



## 22 वर्षीय के युवा बल्लेबाज आयुष बदोनी ने छक्के से दिलाई जीत, हर मैच में दिखाया जलवा

**मुंबई।** आईपीएल 2022 के रोमांच में उभरकर आए युवा क्रिकेटर आयुष बदोनी अपने प्रदर्शन को लेकर चर्चा में हैं। जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तब लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 गेंद पर 5 रन बनाने थे। ये रन अधिक नहीं दिखते, लेकिन इस युवा बल्लेबाज पर दबाव था। दिल्ली के सीनियर गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने पहली गेंद पर बदोनी को रन नहीं बनाने दिया। इस कारण मैच (एलएसजीबनाम डीसी) और रोंमांचक हो गया। लेकिन 22 साल के युवा बल्लेबाज ने आपा नहीं खोया। उन्होंने तीसरी गेंद पर चौका और चौथी गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। वे 3 गेंद पर 10 रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ की यह आईपीएल 2022 के 4 मैचों में तीसरी जीत है। टीम ही पहली बार टी20 लीग में नहीं उतर रही है। बदोनी भी डेब्यू कर रहे हैं। दिल्ली की यह 3 मैचों में दूसरी हार है।



आयुष बदोनी ने जिस तरह से छक्के से टीम को जीत दिलाई, सब उनकी तुलना धोनी से कर रहे हैं। धोनी भी मैच फिनिश करने के लिए जाने जाते हैं। बदोनी 4 पारियों में अब तक 2 बार नाबाद रहे हैं और दोनों बार टीम के लिए विजयी रन भी बनाया है। इससे पहले उन्होंने सीएसके के खिलाफ भी विजयी रन बनाया था। तब टीम को अंतिम ओवर में 9 रन बनाने थे। बदोनी ने 20वें ओवर में मुकेश चौधरी की गेंद पर छक्का भी जड़ा था। वे 9 गेंद पर 19 रन बनाकर नाबाद रहे और 2 छक्का लगाया। इससे पहले दिल्ली के रहने वाले आयुष बदोनी ने अपने डेब्यू मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार अर्धशतक जड़ा था। वे जब बल्लेबाजी करने उतरे थे, तब टीम का स्कोर 4 विकेट पर 29 रन था। इसके बाद उन्होंने 41 गेंद पर 54 रन की शानदार पारी खेली थी। 4 चौका और 3 छक्का लगाया। हालांकि इस मैच में टीम को हार मिली थी। लेकिन सभी ने उनकी इस पारी की खूब सराहना की थी। इतना ही नहीं उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 12 गेंद पर 19 रन की अच्छी खेली थी। टीम ने यह मुकाबला 12 रन के नजदीकी अंतर से जीता था। कप्तान केएल राहुल ने दिल्ली पर जीत के बाद कहा कि बदोनी ने अच्छा खेल दिखाया। यह उसके लिए बड़ी सीख है। उसने अब तक शानदार खेल प्रदर्शन किया है।

## खेल से दूर रखनी चाहिए राजनीति, भारत-पाक के बीच होने चाहिए क्रिकेट मुकाबले : रमीज राजा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख रमीज राजा भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच होते देखना चाहते हैं। वह दोनों देशों के बीच क्रिकेट शुरू करने को लेकर कई बार आवाज उठा चुके हैं। इमरान खान ने पाकिस्तान का पीएम बनने के बाद अपने विश्वसनीय रमीज राजा को पीसीबी की जिम्मेदारी सौंपी थी। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज का कार्यकाल अब तक शानदार रहा है। उनके बोर्ड प्रमुख रहते पाकिस्तान ने टी-20 विश्व कप में भारत को हराया। पीएसएल का सफल आयोजन किया गया। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम 24 साल बाद पाकिस्तान दौरे पर आई। इन सफल आयोजनों के बाद पीसीबी चीफ रमीज राजा भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच होते देखना चाहते हैं। उनका कहना है राजनीति को खेल से दूर रखना चाहिए। पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टूर्नामेंट आयोजन कराना चाहते हैं। उनकी योजना के मुताबिक टूर्नामेंट की मेजबानी रोटेशन पॉलिसी के तहत प्रत्येक देश हर साल करेगा। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने रमीज राजा के इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। जबकि भारत और इंग्लैंड की प्रतिक्रिया का उन्हें इंतजार है। रमीज राजा को उम्मीद है कि वह बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली से साथ सकारात्मक बातचीत करेंगे। लगभग एक दशक बीत गया है पाकिस्तान और भारत के बीच राजनीतिक संबंधों में तल्खी के चलते द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज का आयोजन नहीं हुआ।

## अब बिना कार्ड के भी एटीएम से निकाल सकेंगे पैसा

**नई दिल्ली।** डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय ?रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इसे रोकने के लिए एक बड़ा ?निर्णय लिया है। अब लोगों को बिना डेबिट कार्ड डाले एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा मिलेगी। ये सुविधा सभी बैंकों में दी जाएगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस बात की पुष्टि की है। अभी तक केवल कुछ ही बैंकों में बिना कार्ड के रुपए निकालने की सुविधा थी। ये सुविधा यूपीआई के माध्यम से पूरी होगी, जिसमें कार्ड की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि ठग कार्ड का क्लोन नहीं बना पाएंगे और इस तरह से होने वाले फ्रॉड के मामले खत्म हो जाएंगे। इस बारे में गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इससे ट्रांजेक्शन्स काफी सुर?क्षित हो जाएगा। ये बात भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कही। आरबीआई गवर्नर ने कहा ?कि वर्तमान में एटीएम के जरिए कार्डलेस नकद निकासी की सुविधा केवल कुछ बैंकों तक ही सीमित है। अब यूपीआई का उपयोग करते हुए सभी बैंकों और एटीएम नेटवर्क पर कार्डलेस नकद निकासी की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा ?कि लेनदेन में आसानी के अलावा ये भी फायदा होगा कि ऐसे लेनदेन के लिए फिजिकल कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी और कार्ड स्किमिंग और कार्ड क्लोनिंग आदि धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी।



## बाजार सेंसेक्स 412 अंक उछला, 17800 के करीब बंद हुआ निफ्टी

**मुंबई।** कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई का सेंसेक्स 220 अंक की तेजी के साथ 59255 के स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के निफ्टी ने 77 अंक फीसदी की उछाल के साथ 17716 के स्तर पर कारोबार शुरू किया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 412.23 अंक की बढ़त के साथ 59,447.18 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 144.80 अंक की मजबूती के साथ 17,784.35 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले गुरुवार को कारोबार के अंत में सेंसेक्स 575.46 अंक यानी 0.97 फीसदी की गिरावट के साथ 59,034.95 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 168.10 अंक यानी 0.94 फीसदी टूटकर 17640 के स्तर पर बंद हुआ था।

दरअसल आरबीआई ने आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास दर को तेज रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को रिवर्स रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखा। इससे निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत हुई। लिवाली के बल पर बीएसई के 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान बेसिक मैटेरियल्स 1.91, ऊर्जा 1.72, एफएमसीजी 1.93, इंडस्ट्रियल्स 1.32, यूटिलिटीज 1.81, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.25, धातु 1.96, तेल एवं गैस 1.76 और पावर समूह 1.76 प्रतिशत चढ़ गए। इनके अलावा अन्य समूहों में तेजी रही। वैश्विक बाजार में भी तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.95, जर्मनी का डैक्स 1.27, जापान का निक्केई 0.36, हांगकांग का हैंगसैंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत की बढ़त में रहा। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति के नतीजों की घोषणा कर दी है।



## भारत में होंडा सिटी हाइब्रिड की बुकिंग शुरू

### फेवरेट कार होंडा सिटी जल्द ही आ रही हाइब्रिड अवतार में

**नई दिल्ली।** भारत में लॉन्च से पहले ही होंडा सिटी हाइब्रिड की बुकिंग शुरू हो गई है। आप भी अगर होंडा सिटी हाइब्रिड का इंतजार कर रहे हैं तो अपने नजदीकी डीलरशिप पर होंडा सिटी हाइब्रिड की बुकिंग से जरूरी जानकारियां देख सकते हैं। वैसे तो होंडा सिटी हाइब्रिड की कीमत का खुलासा अगले महीने किया जाएगा, लेकिन उससे पहले कुछ डीलरशिप ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है।

फिलहाल हम आपको होंडा सिटी हाइब्रिड के लुक और फीचर्स के साथ ही संभावित कीमत के बारे में बताते हैं। भारत में होंडा सिटी को 18 लाख रुपये तक की शुरुआती कीमत के साथ पेश किया जा सकता है। यह कार होंडा सिटी के टॉप ट्रिम में से होगा, यानी हाइब्रिड पावरट्रेन होंडा सिटी सेडान के टॉप रेंज में देखने को मिल सकता है। इस लग्जरी सेडान को होंडा की आईएमएमडी हाइब्रिड टेक्नॉलजी के साथ पेश किया जाएगा, जिसमें दो इलेक्ट्रिक मोटर और एक 1.5 लीटर 4 सिलिंडर नेचरली एस्पिरेटेड एटकिंसन साइकल पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा। यह इंजन 98बीएचपी की पावर और 127एनएम टॉर्क जेनरेट करेगा। इसका इलेक्ट्रिक मोटर इंटिग्रेटेड स्टार्टर जेनरेटर के रूप में काम करेगा और यह 109बीएचपी की पावर और 253एनएम टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। होंडा सिटी हाइब्रिड को इलेक्ट्रिक मोटर और पेट्रोल इंजन के साथ ही इन दोनों के कॉम्बिनेशन जैसे 3 ड्राइव मोड के साथ पेश किया जा सकता है। इसमें बेहतर रियर और फ्रंट बंपर, फ्रंट ग्रिल, बपंर और ओआरवीएम पर ब्लैक एक्सेंट, ऑल ब्लैक इंटीरियर थीम के साथ ही ढेर सारे अडवांस्ड ड्राइविंग असिस्टेंट सिस्टम फीचर्स देखने को मिलेंगे। आने वाले समय में होंडा सिटी हाइब्रिड के बाकी फीचर्स के बारे में भी पता चल जाएगा।



## पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों के शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढोत्तरी नहीं किए जाने से लगातार दूसरे दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। इससे पहले दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गयी थी। इस वृद्धि के बाद से दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रूपए प्रति लीटर और डीजल 96.67 रूपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रूपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रूपए प्रति लीटर पर स्थिर है।रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच देश में इन दोनों जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में उछाल आया है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद 22 मार्च 2022 से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों पिछले 18 दिनों में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है। तब से अब तक इनके दामों करीब 10 रूपए की तेजी आई हैं। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं। देश के चार बड़े महानगरों में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे- दिल्ली पेट्रोल 105.41 रुपए प्र?ति लीटर, डीजल 96.67 रुपए प्र?ति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 115.12 रुपए प्र?ति लीटर, डीजल 99.83 रुपए प्र?ति लीटर, मुंबई पेट्रोल 120.51 रुपए प्र?ति लीटर, डीजल 104.77 रुपए प्र?ति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 110.85 रुपए प्र?ति लीटर, डीजल 100.94 रुपए प्र?ति लीटर है।



# रश्मि अगडेकर ने वीडियो के जरिए बयां किया नगमा का किरदार



अभिनेत्री रश्मि अगडेकर ने हाल ही में अपना फोटो शूट करवाया था और उसी दौरान ये शार्ट फिल्म फिल्माया गई थी। इस फिल्म में रश्मि, नगमा के किरदार में नजर आ रही हैं, इस वीडियो में रश्मि एक खूबसूरत एम्ब्रॉइडेड बैंगनी कुर्ती जिसके साथ वे मैचिंग दुपट्टा और चमचमाती फ्लोरल ज्वेलरी पहनी नजर आ रही हैं। वीडियो में रश्मि नगमा नामक एक महिला की कहानी बता रही हैं, जोकि दिल्ली - लाहौर के भूले हुए पकवान, तहजीब, संस्कृति और दो अलग अलग जगहों का एक जैसा संबंध इस वीडियो के जरिये दर्शा रही हैं। दिल को छू लेने वाला संवाद लाहौर की ईद मुझे संवरती है, दिल्ली की लोहड़ी पर झूमता है लाहौर में दो जगहों की कहानी को दर्शाया गया है और वे एक-दूसरे की परंपराओं को कैसे साझा करते हैं इस शार्ट फिल्म के जरिये अवन्ति देवदिकार ने दिखाया है, सनिका देवदिकार का कांसेप्ट है, और जय की आवाज ने इस कहानी को पूरी तरह परिपूर्ण कर दिया। रश्मि अगडेकर ने अपने अभिनय के दम पर अपनी जगह बनाई है। रश्मि अगडेकर ने ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज देव डीडी से अपना वेब डेब्यू किया था और फिल्म अंधाधुन से बॉलीवुड में डेब्यू किया है, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे नहीं देखा। रश्मि ने कई सीरीज में अपनी छाप छोड़ी है रसभरी, इममेचुअर, के अल्हवा उनकी हालही में रिलीज हुई देव डीडी सीजन 2 में लेस्बियन के किरदार से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया है।

## पहली बार खुद से मेकअप करती नजर आई दिशा पाटनी

अगर बॉलीवुड की सबसे बोल्ड और हॉट अभिनेत्री की बात करें तो इस लिस्ट में सबसे पहले नाम दिशा पाटनी का आता है। दिशा पाटनी अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी हॉट और सेक्सी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। जिसको उनके चाहने वाले भी



काफी ज्यादा पसंद करते हैं। अब हाल ही में दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो अपने शूट के लिए खुद ही मेकअप करती हुई दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान दिशा पाटनी के बाल उनके आर्टिस्ट बांधते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं अभिनेत्री दिशा खुद ही अपना मेकअप करते हुए नजर आ रही है। अभिनेत्री काफी जल्दी-जल्दी अपना मेकअप करती दिखाई दे रही है। इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि, मैंने पहली बार एक ब्रांड के लिए खुद अपना मेकअप किया है। जबकि मेरे हेयर स्टाइल को जोया ने बनाया है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री दिशा पाटनी का ये अंदाज वायरल हो रहा है। जिसमें उनके चाहने वालों की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आ रही है। उनके इस वीडियो को अब तक करीब लाखों लोग लाइक और कमेंट कर चुके हैं अगर हम बात करें दिशा पाटनी के काम की तो आने वाले दिनों में कई फिल्मों में दिखाई देने वाली है। जिसमें उनकी फिल्म राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई शामिल है। इस फिल्म में दिशा पाटनी सलमान खान के साथ दूसरी बार स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। वहीं इससे पहले उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म भारत में काम किया था। इसके अलावा दिशा पाटनी फिल्म एक विलन रिटर्न फिल्म में भी नजर आने वाली है।

## रुद्राक्ष जायसवाल ने की टीवी शो रुद्रकाल से छोटे पर्दे पर वापसी

रुद्राक्ष जायसवाल एक युवा और उत्साही लड़के हैं, जिन्होंने साल 2013 में स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले मैगनम ओपस महाभारत में सहदेव की भूमिका के साथ अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद, एक किशोर के रूप में, उन्होंने सीरीज और फिल्मों में कई प्रमुख भूमिकाएं निभाई। उदाहरण के तौर पर हाल ही में रीलीज हुई हॉलीवुड फील एक्सट्रेक्शन में उन्होंने एवेंजर्स फेम क्रिस हेम्सवर्थ के साथ काम किया। दर्शकों में एक बार फिर उत्साह बढ़ाते हुए, प्रतिभाशाली अभिनेता रुद्राक्ष अब स्टार प्लस की अपकमिंग सीमित सीरीज ्नरुद्रकाल में अंशुमान चित्तौड़ा की भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी बहुआयामी और असाधारण यात्रा को और बड़ा बनाते हुए, रुद्राक्ष ने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। अपनी उपलब्धियों की लंबी सूची के अतिरिक्त वह मल्टीस्टारर फिल्म एक्सट्रैक्शन का भी एक हिस्सा रहे, जिसमें क्रिस हेम्सवर्थ, रणदीप हुड्डा, पंकज त्रिपाठी और अन्य महत्वपूर्ण कलाकार भी शामिल हैं।

# हिना खान ने जिम आउटफिट में करवाया फोटोशूट



हिना खान ने करवाया फोटोशूट फिल्म एक्ट्रेस हिना खान कई टीवी शो में काम कर चुकी है इसके अलावा यह ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी ज़िंदगी की जैसे शो में नजर आ चुकी है। फिल्म एक्ट्रेस हिना खान कई टीवी शो में काम कर चुकी है इसके अलावा यह ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी ज़िंदगी की जैसे शो में नजर आ चुकी है। हिना खान एक स्टाइल आइकॉन के तोर पर भी जनि जाती है हिना खान फिटनेस फ्रिक भी है और जिम में जमकर पसीना भाटी है। हिना खान को जिम आउटफिट में देखा जा सकता है इसमें वह काफी खूबसूरत लग रही है हिना खान ने ब्लू और वैट कलर की वर्कआउट सेशन ड्रेस पहन राखी है। हिना खान सोशल मिडिया पर काफी एक्टिव है वह अक्सर अपनी फोटोज और वीडियो पोस्ट करती रहती है उनकी इन फोटोज वीडियो काफी पसंद किए जाते है। हिना खान ने अपने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल को घरवालों से भी मिलवा दिया है इसके चलते दोनों अब कभी भी शादी कर सकते है हिना खान ने कई नए प्रोजेक्ट्स भी साइन किए है।



# चीन की बेजा हरकत

पिछले माह जब चीन के विदेश मंत्री वांग यी अचानक भारत आए थे, तब लद्दाख के मसले को लेकर पहले एनएसए अजित डोभाल, फिर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें दो टूक सुनाई थी। एलएसी पर तनाव को लेकर भारत की तरफ से दी गई दलीलों पर उनका जवाब था, कि अब चीन इस मुद्दे को गंभीरता से लेगा और विवाद हल करने पर जोर देगा। हालांकि, वांग की इस बात को राजनीति जानकारों ने गंभीरता से नहीं लिया था। अब चीन की तरफ से जो ताजा हरकत सामने आई है, वह इसी बात पर मुहर लगाती है कि चीन कहने को कुछ भी कहे, मगर वह न तो कल भरोसे के लायक था और न आज है। चीन लद्दाख में अनुचित व आपत्तिजनक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक निजी खुफिया फर्म का दावा है कि उसने बीते आठ माह में कई बार लद्दाख के पास की पावर ग्रिड को निशाना बनाया है। यह फर्म विश्व के सरकारी हैकरों पर नजर रखने वाली सबसे बड़ी खुफिया कंपनियों में शुमार है। उसका कहना है कि चीनी हैकर पावर ग्रिड के सेंटरों के आसपास के बुनियादी ढांचे की जानकारी जुटाना चाह रहे थे। बिजली केंद्रों में चीनी घुसपैठ का उद्देश्य इन जटिल प्रणालियों के बारे में जानकारी हासिल करना भी हो सकता है, ताकि भविष्य में इनके उपयोग की क्षमता विकसित की जा सके। दुनियाभर में साइबर अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। पिछले साल अमेरिका में रैनसमवेयर अटैक के कारण लाखों लोग प्रभावित हुए थे। आस्ट्रेलिया में बिजली नेटवर्क पर साइबर अटैक के कारण लाखों लोग बिजली गुल होने की कगार पर पहुंच गए थे। रेकॉर्डेड फ्यूचर का कहना है कि पिछले साल फरवरी में, उसने 10 अलग-अलग भारतीय संगठनों के सिस्टम पर साइबर हमले की सूचना दी थी। दोनों देशों के बीच क्षेत्र में एलएसी को लेकर पहले से लंबा गतिरोध जारी है। रिपोर्ट आने के बाद केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह ने भी स्वीकार किया है कि चीनी हैकरों ने दो बार हमले का प्रयास किया था। ये हमले उत्तर भारत के केंद्रों पर खासतौर से किए गए। इनमें भी लद्दाख से लगी भारत-चीन सीमा इलाके में स्थित केंद्रों को ज्यादा निशाना बनाया गया। जांच में पाया गया कि भारतीय लोड डिस्पैच केंद्रों से दुनिया भर में फैले चीन के सरकारी कमांड और कंट्रोल सर्वरों को डेटा भेजा जा रहा है। रेकॉर्डेड फ्यूचर ने कहा कि पावर ग्रिड के केंद्रों को निशाना बनाने के अलावा चीन के सरकारी हैकरों ने भारत के आपात प्रतिक्रिया तंत्र पर भी धावा बोला। भारत चीन के बीच 3500 किलोमीटर लंबी सीमा है। इससे सटे कुछ क्षेत्रों को लेकर चीन दावा करता रहा है। दोनों देशों के बीच 1962 में जंग भी हो चुकी है। 2020 में एक बार फिर दोनों देशों में संघर्ष हुआ, जब लद्दाख में चीनी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। गलवान घाटी में हुए इस संघर्ष में चीन को भारी नुकसान उठाना पड़ा था, वहीं भारत के भी 20 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद दोनों देशों की सेना बड़ी संख्या में वहां तैनात है। तनाव व सेना हटाने के लिए 15 बार सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता हो चुकी है, कुछ क्षेत्रों से सैन्य वापसी हो चुकी है, बाकी को लेकर चर्चा जारी है। गौरतलब है कि जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर हमला कर दिया था। इसमें भारत के चौबीस जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद चीन ने तेजी से वहां सैनिक जमा करने शुरू कर दिए और कुछ जगहों पर कब्जा पर भी जमा लिया। इस गतिरोध को दूर करने के लिए दोनों देशों के बीच अब तक 15 दौर की बातचीत हो चुकी है। पर हैरानी की बात यह है कि वार्ता के हर दौर में चीन कुछ न कुछ ऐसा अड़ियल रुख दिखाता रहा है जिससे गतिरोध कम होने का नाम ही नहीं ले रहा।

# क्यों सिमट रही है कांग्रेस!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

सन 1984 में जिस कांग्रेस के लोकसभा में 404 सांसद थे ,आज वह 52 सांसदों पर क्यों सिमट गई है।इसी तरह एक एक कर राज्यो की सत्ता से भी कांग्रेस बाहर होती जा रही है।कई राज्यो में तो वहां की जनता कांग्रेस को लाना चाहती थी लेकिन कांग्रेस के नेता अपनी नासमझी या फिर आपस की लड़ाई से ऐसे निर्णय ले बैठते है जिससे लगता है अबोध कालिदास फिर से आ गया हो।जो जिस डाल पर बैठा है उसे ही काटने में लगा है।कम से कम हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में तो यही दिखाई पड़ा कि कांग्रेस लोगो के दिलो में कमजोर नही है बल्कि कांग्रेस के कर्णधारों की अपनी कमजोरी है ,जो वे विरासत में मिली कांग्रेस की स्वर्णिम धरोहर को संभाल नही पा रहे है।कांग्रेस की विफलता ही आम आदमी पार्टी के लिए वैकल्पिक अवसर का आधार बना है।जिसने पहले दिल्ली में और अब पंजाब में आम आदमी पार्टी को बंपर जीत दिलाई।कांग्रेस के कर्णधारों को महलों से निकलकर आमजन के लिए सहज और सुलभ बनना होगा।घर के दरवाजे खुले रखने होंगे,बिलकुल पंडित नेहरू व इंदिरा गांधी की तरह।साथ ही चापलूस नेताओ से मुक्ति और जमीनी नेताओ से नजदीकी बढ़ानी होगी। तभी कांग्रेस मरने से बच सकती है। जिस कांग्रेस का गठन सन 1885 में एलन ऑक्टेवियन ह्यूम द्वारा किया गया। जिन्होंने सन 1857 की गदर के समय वह इटावा के कलक्टर रहते हुए खुद ब्रटिश सरकार के खिलाफ आवाज़ उठाई और सन1882 में पद से अवकाश ले लिया और कांग्रेस यूनियन का गठन किया। शुरुआती वर्षों में कांग्रेस पार्टी ने ब्रिटिश सरकार के साथ मिल कर भारत की समस्याओं को दूर करने की कोशिश की और इसने प्रांतीय विधायिकाओं में हिस्सा भी लिया। लेकिन सन1905 में बंगाल के विभाजन के बाद पार्टी का रुख़ कड़ा हुआ और अंग्रेज़ी हुकूमत के ख़िलाफ़ आंदोलन शुरु हए।इसी बीच महात्मा गाँधी भारत लौटे और उन्होंने ख़िलाफ़त आंदोलन शुरु किया। शुरु में बापू ही कांग्रेस के मुख्य विचारक रहे। इसको लेकर कांग्रेस में अंदरुनी मतभेद गहराए। चित्तरंजन दास, एनी बेसेंट, मोतीलाल नेहरू जैसे नेताओं ने अलग स्वराज पार्टी बना ली।साल 1929 में ऐतिहासिक लाहौर सम्मेलन में जवाहर लाल नेहरू ने पूर्ण स्वराज का नारा दिया। पहले विश्व युद्ध के बाद पार्टी में महात्मा गाँधी की भूमिका बढ़ी, हालाँकि वो आधिकारिक तौर पर इसके अध्यक्ष नहीं बने, लेकिन कहा जाता है कि सुभाष चंद्र बोस को कांग्रेस से निष्कासित करने में उनकी मुख्य भूमिका थी।स्वतंत्र भारत के इतिहास में कांग्रेस सबसे मज़बूत राजनीतिक ताकत के रूप में उभरी। महात्मा गाँधी की हत्या और सरदार पटेल के निधन के बाद जवाहरलाल नेहरु के करिश्माई नेतृत्व में पार्टी ने पहले संसदीय चुनावों में शानदार सफलता पाई और ये सिलसिला सन 1967 तक लगातार चलता रहा। पहले प्रधानमंत्री के तौर पर जवाहर लाल नेहरू ने धर्मनिरपेक्षता, आर्थिक समाजवाद और गुटनिरपेक्ष विदेश नीति को सरकार का मुख्य आधार बनाया जो कांग्रेस पार्टी की पहचान बनी।नेहरू की अगुआई में सन1952, सन1957 और सन1962 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने अकेले दम पर बहुमत हासिल करने में सफलता पाई। सन1964 में जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद लाल बहादुर शास्त्री के हाथों में कमान सौंप गई लेकिन उनकी भी सन 1966 में ताशकंद में रहस्यमय हालात में मौत हो गई। इसके बाद पार्टी की मुख्य कतार के नेताओं में इस बात को लेकर ज़ोरदार बहस हुई कि अध्यक्ष पद किसे सौंपा जाए। आख़िरकार पंडित नेहरु की बेटी इंदिरा गांधी के नाम पर सहमति बनी।देश की आजादी के संघर्ष से जुड़े सबसे मशहूर और जाने-माने लोग इसी कांग्रेस का हिस्सा थे।गांधी-नेहरू से लेकर सरदार पटेल और राजेंद्र प्रसाद तक आजादी की लड़ाई में आम हिंदुस्तानियों की नुमाइंदगी करने वाली पार्टी ने देश को एकता के सूत्र में बांधने की कोशिश की थी।एलेन ओक्टेवियन ह्यूम सन1857 के गदर के वक्त इटावा के कलेक्टर थे। ह्यूम ने खुद ब्रटिश सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और 1882 में पद से



अवकाश लेकर कांग्रेस यूनियन का गठन किया। उन्हीं की अगुआई में बॉम्बे में पार्टी की पहली बैठक हुई थी. व्योमेश चंद्र बनर्जी इसके पहले अध्यक्ष बने। शुरुआती वर्षों में कांग्रेस पार्टी ने ब्रिटिश सरकार के साथ मिलकर भारत की समस्याओं को दूर करने की कोशिश की और इसने प्रांतीय विधायिकाओं में हिस्सा भी लिया लेकिन 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद पार्टी का रुख कड़ा हुआ और अंग्रेजी हुकूमत के खि?लाफ आंदोलन शुरू हुए।दादाभाई नौरोजी और बदरुद्दीन तैयबजी जैसे नेता कांग्रेस के साथ आ गए थे।आजादी के बाद सन1952 में देश के पहले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई। सन1977 तक देश पर केवल कांग्रेस का शासन था।लेकिन सन 1977 में हुए चुनाव में जनता पार्टी ने कांग्रेस से सत्ता की कुर्सी छीन ली थी। हालांकि तीन साल के अंदर ही सन1980 में कांग्रेस वापस गद्दी पर काबिज हो गई।सन 1989 में कांग्रेस को फिर हार का सामना करना पड़ा।दादा भाई नौरोजी 1886 और 1893 में कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। सन1887 में बदरुद्दीन तैयबजी तो सन1888 में जॉर्ज यूल कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे।सन1889 से सन1899 के बीच विलियम वेडरबर्न, फिरोज़शाह मेहता, आनंदचार्लू, अल्फ्रेड वेब, राष्ट्रगुरु सुरेंद्रनाथ बनर्जी, आगा खान के अनुयायी रहमतुल्लाह सयानी, स्वराज का विचार देने वाले वकील सी शंकरन नायर, बैरिस्टर आनंदमोहन बोस और सिविल अधिकारी रोमेशचंद्र दत्त कांग्रेस अध्यक्ष रहे।इसके बाद हिंदू समाज सुधारक सर एनजी चंदावरकर, कांग्रेस के संस्थापकों में शुमार दिनशॉ एडुलजी वाचा, बैरिस्टर लालमोहन घोष, सिविल अधिकारी एचजेएस कॉटन, गरम दल व नरम दल में पार्टी के टूटने के वक्त गोपाल कृष्ण गोखले, वकील रासबिहारी घोष, शिक्षाविद मदनमोहन मालवीय, बीएन दार, सुधारक राव बहादुर रघुनाथ नरसिम्हा मुधोलकर, नवाब सैयद मोहम्मद बहादुर, भूपेंद्र नाथ बोस, ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में पहले भारतीय सदस्य बने एसपी सिन्हा, एसी मजूमदार, पहली महिला कांग्रेस अध्यक्ष एनी बेसेंट, सैयद हसन इमाम और नेहरू परिवार के मोतीलाल नेहरू सन 1900 से सन 1919 के बीच कांग्रेस अध्यक्ष रहे।सन 1915 में अफ्रीका से लौटकर भारत आए मोहनदास करमचंद गांधी का प्रभाव कांग्रेस की विचारधारा व आंदोलन तय करने में सन1920 के आसपास से साफ दिखना शुरू हो गया था।जो गांधी के जीवन के बाद तक भी बना हुआ है। सन1920 से भारत की आज़ादी अर्थात सन 1947 के बीच के युग में कांग्रेस अध्यक्ष पंजाब केसरी लाला लाजपत राय थे, जिन्होंने सन1920 के कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता की। स्वराज संविधान बनाने में अग्रणी रहे सी विजयराघवचारियार, जामिया मिल्लिया के संस्थापक हकीम अजमल खान, देशबंधु चितरंजन दास, मोहम्मद अली जौहर, शिक्षाविद मौलाना अबुल कलाम आज़ाद कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। सन1924 में बेलगाम अधिवेशन की अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की थी और यहां से कांग्रेस के ऐतिहासिक स्वदेशी, सविनय अवज्ञा और असहयोग आंदोलनों की नींव पड़ी थी। सरोजिनी नायडू, मद्रास के एडवोकेट जनरल रहे एस श्रीनिवास अयंगर, मुख्तार अहमद अंसारी कांग्रेस अध्यक्ष रहे। गांधी के अनुयायी जवाहरलाल नेहरू सन 1929 में पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बने थे सरदार वल्लभभाई पटेल, नेली सेनगुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और गांधी के अनुयायी जेबी कृपलानी भारत को आज़ादी मिलने तक कांग्रेस अध्यक्ष रहे।

## ईश्वर का आहार है साधना

तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है, कहीं ऊपर स्वर्ग में। मन में बैठी इस धारणा के संग तुम ईश्वर से कुछ मांगना चाहते हो और उनसे कुछ लेना। परन्तु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नही होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। तुम ईश्वर को धारण किये हो। तुम्हें अपने गर्भ का ध्यान रखना है और इस शिशु को संसार में जन्म देना है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। ईश्वर पोषण के लिए पुकारते रहते हैं। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। तुम ऐसा क्यों सोचते हो कि ईश्वर एक ही हैं? ईश्वर भी अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अप्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वस्तुओं की इतनी विविधताएं क्यों है? वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। कुछ भी सिर्फ एक प्रकार का नहीं है, तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता की प्रेमी है, वह चेतना नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्य होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचारधारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप-वर्दी में चाहते हैं। अवसर के अनुसार जब तुम अपने रूप को बदलते हो तो कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो?

# प्रियदर्शी सम्राट अशोक जयंती

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

भारत वर्ष में यदि कोई महान सम्राट हुआ हैं वह सम्राट अशोक ही माने जाते हैं ,अन्य कोई नहीं.चक्रवर्ती सम्राट अशोक (ईसा पूर्व 304 से ईसा पूर्व 232) विश्वप्रसिद्ध एवं शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। सम्राट अशोक का पूरा नाम देवानांप्रिय अशोक मौर्य (राजा प्रियदर्शी देवताओं का प्रिय) था। उनका राजकाल ईसा पूर्व 269 से, 232 प्राचीन भारत में था। मौर्य राजवंश के चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अखण्ड भारत पर राज्य किया है तथा उनका मौर्य साम्राज्य उत्तर में हिन्दुकुश, तक्षशिला की श्रेणियों से लेकर दक्षिण में गोदावरी नदी, सुवर्णगिरी पहाड़ी के दक्षिण तथा मैसूर तक तथा पूर्व में बांग्लादेश, पाटलीपुत्र से पश्चिम में अफ़गानिस्तान, ईरान, बलूचिस्तान तक पहुँच गया था। सम्राट अशोक का साम्राज्य आज का सम्पूर्ण भारत, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यान्मार के अधिकांश भूभाग पर था, यह विशाल साम्राज्य उस समय तक से आज तक का सबसे बड़ा भारतीय साम्राज्य रहा है। चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के सभी महान एवं शक्तिशाली सम्राटों एवं राजाओं की पंक्तियों में हमेशा शीर्ष स्थान पर ही रहे हैं। सम्राट अशोक ही भारत के सबसे शक्तिशाली एवं महान सम्राट है। सम्राट अशोक को 'चक्रवर्ती सम्राट अशोक% कहा जाता है, जिसका अर्थ है - 'सम्राटों के सम्राट', और यह स्थान भारत में केवल सम्राट अशोक को मिला है। सम्राट अशोक को अपने विस्तृत साम्राज्य से बेहतर कुशल प्रशासन तथा बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए भी जाना जाता है। सम्राट अशोक ने संपूर्ण एशिया में तथा अन्य आज के सभी महाद्विपों में भी बौद्ध पन्थ का प्रचार किया। सम्राट अशोक के सन्दर्भ के स्तम्भ एवं शिलालेख आज भी भारत के कई स्थानों पर दिखाई देते है। इसलिए सम्राट अशोक की ऐतिहासिक जानकारी



एन्य किसी भी सम्राट या राजा से बहूत व्यापक रूप में मिल जाती है। सम्राट अशोक प्रेम, सहिष्णूता, सत्य, अहिंसा एवं शाकाहारी जीवनप्रणाली के सच्चे समर्थक थे, इसलिए उनका नाम इतिहास में महान परोपकारी सम्राट के रूप में ही दर्ज हो चुका है। कलिंग युद्ध के दो वर्ष पहले ही सम्राट अशोक [[भगवान बुद्ध]ने था जिससे प्रभावित होकर बौद्ध अनुयायी हो गये और उन्ही की स्मृति में उन्होने कई स्तम्भ खड़े कर दिये जो आज भी नेपाल में उनके जन्मस्थल - लुम्बिनी - में मायादेवी मन्दिर के पास, सारनाथ, बौद्ध मन्दिर बोधगया, कुशीनगर एवं आदी श्रीलंका, थाईलैण्ड, चीन इन देशों में आज भी अशोक स्तम्भ के रूप में देखे जा सकते है। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म का प्रचार भारत के अलावा श्रीलंका, अफ़गानिस्तान, पश्चिम एशिया, मिस्त्र तथा यूनान में भी करवाया। सम्राट अशोक अपने पूरे जीवन में एक भी युद्ध नहीं हारे। सम्राट अशोक के ही समय में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई जिसमें तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला, कन्धार आदि विश्वविद्यालय प्रमुख थे। इन्हीं विश्वविद्यालयों में विदेश से कई छात्र शिक्षा पाने भारत आया करते थे। ये विश्वविद्यालय उस समय के उत्कृट विश्वविद्यालय थे। शिलालेख प्रारम्भ करने वाला पहला शासक बाद में आरम्भ हुआ था। अशोक ने सर्वप्रथम बौद्ध पन्थ का सिद्धान्त लागू किया जो आज भी कार्यरत है।

सम्राट अशोक ने अपने पुत्र महेंद्र एवं पुत्री संघमित्रा को बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए श्रीलंका भेजा चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 8वें वर्ष (261 ई. पू.) में कलिंग पर आक्रमण किया था। आन्तरिक अशान्ति से निपटने के बाद 269 ई. पू. में उनका विधिवत? राज्याभिषेक हुआ। तेरहवें शिलालेख के अनुसार कलिंग युद्ध में 1 लाख 50 सहस्त्र व्यक?ति बन्दी बनाकर निर्वासित कर दिए गये, 1 लाख लोगों की हत्या कर दी गयी। 1.5 लाख लोगो घायल हुए, सम्राट अशोक ने भारी नरसंहार को अपनी आँखों से देखा। उपगुपत( बौद्ध भिक्षुक से उपाय पूछा। इससे द्रवित होकर सम्राट अशोक ने शान्ति, सामाजिक प्रगति तथा धार्मिक प्रचार किया। कलिंग युद्ध ने सम्राट अशोक के हृदय में महान परिवर्तन कर दिया। उनका हृदय मानवता के प्रति दया और करुणा से उद्वेलित हो गया। उन्होंने युद्धक्रियाओं को सदा के लिए बन्द कर देने की प्रतिज्ञा की। यहाँ से आध्यात्मिक और धम्म विजय का युग आरम्भ हुआ।

# 52 शक्ति पीठो में एक माँ शारदा मंदिर

## सूडोकु नवताल- 6035

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6034 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

**विष्णु अग्रवाल**

धरोहर श्रृखंला में इस बार हम आस्था और विश्वास की प्रमूख केन्द्र मैहर की माँ शारदा शक्ति पीठो के बारे में जानेगें। कहा जाता है कि ब्रह्मांड की भलाई के लए भगवान विष्णु ने ही माता सती के पार्थिव शरीर को 52 भागों में विभाजित कर दिया। जहाँ-जहाँ सती के शब के विभिन्न अंग और आभूषण गिरे, वहां-वहां शक्ति पीठो का निर्माण हुआ। उन्ही में से एकशक्ति पीठ हैं, मैहर देवी, का मंदिर जहां मां सती का हार गिरा था। मैहर का मतलब बैं मां का हार, इसी बजह से इस स्थल का नाम मैहर पड़ा।

मध्यप्रदेश के चित्रकूट से लगे सतना जिले में मैहर शहर की लगभग 600 फुट की ऊंचाई वाली त्रिकुटा पहाड़ी पर माँ दुर्गा के शारदीय रूप श्रद्धेय देवी माँ शारदा का मंदिर स्थित हैं, जो मैहर देवी माता के नाम से सुप्रसिद्ध हैं, जहां श्रद्धालु माता का दर्शन कर आशीर्वाद लेने उसी तरह पहुंचते हैं जैसे जम्मू में मैँ बैष्णो देवी का दर्शन करने जाते हैं। माँ मैहर देवी के मंदिर तक पहुंचने के लिए 560 सीढिया तय करनी पड़ती हैं। मैहर राजवंश भी देवी शारदा का अनन्य उपासक रहा है. राजा दुर्जन सिंह ने लगभग 200 वर्ष पूर्व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामगिरि (त्रिकूट) पर्वत में 560 सीढ़ियों का निर्माण कराया था। रोपवे यहां से शुरू हो चुका हैं। आला-उदल को वरदान देने वाली माँ शारदा देवी को पूरे देश में मैहर की शारदा माता के नाम से जाना जाता हैं। इनकी उत्पति के पीछे एक पौराणिक कहानी जिसमें कहा गया है सम्राट दक्ष प्रजापति की पुत्री सती, भगवान शव से विवाह करना चाहती थी, लेकिन राजा दक्ष भगवान शिव को भगवन नहीं, भूतों और अघोरियों का साथी मानते थे और इस विवाह के पक्ष में नहीं थे, पर सती ने अपने पिता की इच्छा के विरूद्ध जाकर भगवान शिव से विवाह कर लिया। एक बार राजा दक्ष ने बृहस्पति सर्व, नामक यज्ञ कराया उस यज्ञ में ब्रहा, विष्णु, इंद्र और अन्य देवी देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन जान-बूझकर अपने जमाई भगवान महादेव को नही बुलाया, महादेव की पत्नी और दक्ष की पुत्री सती इससे बहुत आहत हुई और यज्ञ- स्थल पर सती ने अपने पिता दक्ष से भगवान शिव को आमंत्रित न करने का कारण पूछा, इस पर दक्ष प्रजापति ने भरे समाज में भगवान शिव के बारे में अपशब्द कहा, तब इस अपमान से पीड़ित होकर सती मौन हो उत्तर दिशा की ओर मुँह करके बैठ गयी और भगवान शंकर के चरणों में अपना ध्यान लगाकर योग मार्ग के द्वारा वायु तथा अग्नि तत्व को धारण करके अपने शरीर को अपने ही तेज से भस्म कर दिया।

भगवान शंकर को जब इस दुर्घटना का पता चला तो क्रोध से उन्होंने तीसरा नेत्र खोल गया और यज्ञ का नाश हो गया। भगवान शंकर ने माता सती के पार्थिव शरीर को कंधे पर उठा लिया और गुस्से में तांडव करने लगे। ब्रह्मांड की भलाई के लिए भगवान विष्णु ने ही सती के अंग को 52 भागों में विभाजित कर दिया। जहाँ-जहाँ सती के शव के विभिन्न अंग और आभूषण गिरे, वहां शक्ति पीठ हैं मैहर देवी, का मंदिर जहां सती का हार गिरा था। मैहर का मतबल हैं। माँ का हार, इसी वजह से इस स्थल का नाम मैहर पड़ा था। कुछ विद्वानो ने अपने मत के अनुसार कहा की देवी पुराण (महाभागवत) शक्ति पीठांक के अनुसार मैहर के रामगिरि पर्वत पर देवी सती का दाहिना स्तन गिरा था। सती माता के गिरे स्तन से दुग्ध धारा स्फुटित हुई थी जो नदी के रूप में परिणित हो गयी थी, जो लिज्जी नदी के नाम से आज भी मौजूद हैं। अगले जन्म मेंसती ने हिमाचल राजा के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया और घोर तपस्या कर शिवजी को फिर से पति के रूप में प्राप्त कर लिया।

त्रेतायुग में भगवान राम भी अपने चौदह वसवास काल में सुतीक्षण मुनि जिनका आश्रम मौजूदा सतना नगर मेंथा, के दर्शन के उपरांत मैहर आये तथा एक सप्ताह तक मैहर में प्रवास किया। द्वापर युग में महाभारत के पूर्व वनवास काल के समय पाण्डवों ने प्रयाग से मैहर की यात्रा की। देव व्यास जी ने मैहर को ÷महीधर÷ नाम से सम्बोधित किया था। पाण्डवों ने मैहर मेंरहकर माँ शारदा शक्तिपीठ की उपासना की थी। इस तीर्थस्थल के संदर्भ में एक अन्य दन्तकथा भी प्रचलित हैं। स्थानीय परंपरा के मुताबिक दो वीर भाई आल्हा-उदल जिन्होंने पृथ्वीराज चौहान के साथ युद्ध किया था, वो भी माँ शारदा माता के बडे भक्त हुआ करते थे। इन्ही दोनो ने सबसे पहले जंगलों के बीच माँ शारदा देवी के इस मंदिर की खोज की थी। इसके बाद आल्हा ने इस मंदिर में बारह सालों तक तपस्या कर देवी को प्रसन्न किया था। माता ने उन्हे अमरत्व का आर्शीवाद दिया था। कहते है कि दोनो भाईयों ने भक्ति -भाव से अपनी जीभ माँ शारदा को अर्पण कर दी थी।

# लालू-शरद साथ

**सिद्धार्थ शंकर**

बिहार की राजनीति में एक बार फिर से बड़ा उलटफेर हुआ है। 2018 में नीतीश कुमार से अलग होकर अलग पार्टी बनाने वाले शरद यादव अब लालू यादव के साथ आ गए हैं। रविवार को उन्होंने अपनी पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल का राजद में विलय कर दिया। शरद यादव ने राजद में विलय की घोषणा पहले ही कर दी थी। उन्होंने बुधवार को ट्वीट करके यह स्पष्ट कर दिया था। लालू के साथ शरद यादव के साथ आने के कई मायने हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि शरद यादव फिर से सक्रिय राजनीति में आने को आतुर हैं। एलजेडी का आरजेडी में विलय होने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव उनको राज्यसभा भेज सकते हैं। इस साल जुलाई में बिहार में राज्यसभा की पांच सीटें खाली हो रही हैं। दो सीटें भाजपा, एक सीट जदयू के पास जाएगी। जबकि दो सीटें आरजेडी के पास आएगी। आरजेडी शरद यादव को राज्यसभा भेज सकती है। उनकी बेटी सुभाषिनी यादव जो 2020 का बिहार विधानसभा चुनाव कांग्रेस से चुनाव लड़ी थीं, उनको आरजेडी संगठन में जिम्मेदारी दी जा सकती है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि बिहार में नीतीश कुमार को चुनौती देना इतना आसान नहीं है लेकिन शरद यादव और लालू यादव के साथ आने से राज्य का यादव मतदाता पूरी तरह उनके साथ जा सकता है जिसका चुनावों में असर भी देखने को मिलेगा। वैसे भी इस वक्त नीतीश कुमार को विपक्ष लगातार घेर रहा है। ऐसे में दोनों दलों के विलय से इनकी ताकत में निश्चित तौर पर थोड़ी बढ़ेगी लेकिन यह नीतीश के सामने चुनौती बन सकती है यह तो भविष्य ही बता सकता है। जुलाई, 1997 में जनता दल के अध्यक्ष पद को लेकर लालू यादव और शरद यादव में ठन गई। उस समय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष शरद यादव हुआ करते थे। लालू प्रसाद यादव ने अध्यक्ष पद को लेकर शरद यादव को चुनौती दे दी। इस चुनाव के लिए लालू प्रसाद यादव ने अपने सहयोगी रघुवंश प्रसाद सिंह को निर्वाचन अधिकारी बनाया था, शरद यादव इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए और सुप्रीम कोर्ट ने रघुवंश प्रसाद सिंह को हटाकर मधु दंडवते को निर्वाचन अधिकारी बना दिया। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रहते हुए शरद यादव ने पार्टी की कार्यकारिणी में अपने समर्थकों की संख्या इतनी कर ली थी कि लालू प्रसाद यादव को अंदाजा हो गया था कि अगर वे चुनाव लड़ेंगे तो उनकी हार होगी। इसलिए लालू ने अलग पार्टी राष्ट्रीय जनता दल बनाने का फैसला लिया।

# वन स्टॉप सेंटर ने गुमराह महिला राधा को सही राह दिखाई



**मुरैना।** यह कहानी एक ऐसी महिला की है, जो हालातों को देखते हुऐ थोडा गुमराह हो गई थी। एक महिला जिसका नाम राधा शाक्य था, (काल्पनिक नाम) इसका पति गोपाल जो कि मोमोस का ठेला लगाता था। राधा के माता पिता ने उसकी शादी 03 वर्ष पूर्व गोपाल के साथ करदी थी। गोपाल के घर में उसके पिता व चाचा और छोटा भाई तीन लोग रहते थे, सभी लोग राधा को बहुत प्रेम से रखते थे, लेकिन शादी के कुछ महिने बाद की बात है राधा का पति व देवर काम करने चले जाते थे और ससुर से वह पर्दा करती थी, इसलिये कुछ भी अपनी बात नहीं कह पाती थी। घर में अकेले रहने के कारण उसका मौहल्ले के एक लडके के साथ लगाव हो गया, लड़का उसके घर आने जाने लगा और फोन से भी उससे बातें होने लगी, जिसके चलते दोनो में प्रेम संबंध बन गये और वह एक दूसरे के साथ घर से भागने के लिये भी तैयार हो गए, तभी यह बात राधा के पति गोपाल को पता चली और वह राधा के साथ मारपीट व गाली गलौज करने लगा और दोनों का रिश्ता टूटने की कगार पर आ गया, गोपाल राधा से तलाक की सोचने लगा दोनों के बीच पति पत्नि जैसे कोई संबंध नहीं रहें। फिर एक दिन राधा उस लडके के साथ अपना घर छोडकर भाग गई लेकिन पुलिस द्वारा दोनो को पकड लिया और पुलिस राधा को लेकर वन स्टॉप सेंटर मुरैना ले आई, क्योकि राधा न तो अपने ससुराल जाना चाहती थी न ही मायके जाना चाहती थी। वह बहुत ही ड़री हुई थी और वह लडका राधा को अकेला छोडकर चला गया था। जिससे प्रेम प्रसंग चल रहा था। राधा की वन स्टॉप सेंटर मुरैना पर लगातार कई काउंसलिंग की गई जिसमें राधा को समझाईश दी गई कि डरने की कोई बात नहीं है। हमें अपनी सखी समझो, और काउंसलिंग के दौरान उसे समझाया गया कि वह लडका सही नहीं है जो तुम्हें थाने में अकेला छोडकर चला गया था, वह जीवन में आगे क्या साथ देगा। राधा को उसकी गल्ती का अहसास हुआ और काउंसलिंग द्वारा पति के साथ काम करने के लिये प्रोत्साहन दिया तथा बताया कि पति-पत्नि का साथ जीवनभर का होता है जीवन में कठिनाईयां आती रहती है। फिर तीसरे दिन राधा के पति को वन स्टॉप सेंटर मुरैना पर बुलाया गया। उसने कहा कि मै इसे अब अपने साथ नही रख सकता हूँ लेकिन वन स्टॉप सेंटर द्वारा राधा व उसके पति की अलग-अलग काउंसलिंग की गई, काउंसलिंग द्वारा गोपाल को समझाया कि उसे अपनी पत्नि को समय देना चाहिये, जिससे दोनो के बीच समन्वय बन सके, तब गोपाल को समझ आया और वह अपनी पत्नि राधा को अपने साथ घर ले जाने के लिये तैयार हो गया और राधा भी अपने पति के साथ जाने को तैयार हो गई। इस प्रकार वन स्टॉप सेंटर मुरैना के अनन्त प्रयास के द्वारा राधा व गोपाल खुशी-खुशी अपने घर चले गये और एक रिश्ता टूटने से बचाया गया। लगातार फोलोअप किया गया, जिसमें पता चला कि दोनो एक साथ अच्छे से खुशी-खुशी रह रहे है। इस प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकार महेन्द्र सिंह अम्ब के मार्गदर्शन में संचालित वन स्टॉप सेंन्टर मुरैना जो कि हिंसा से पीडित महिलाओ की सहायता के लिये 24 घंटे निरंतर कार्य करता है, वन स्टॉप सेन्टर, प्रशासक श्रीमती अपूर्वा चौधरी व समस्त स्टाफ के द्वारा घरेलू हिंसा से पीडित भटकी हुई महिला को उचित मार्ग दिखाया गया।

## झाँसी मंडल ने विद्युत उर्जा के विभिन्न संशाधनों से बचाया 38 लाख से अधिक का राजस्व

**मुरैना।** मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष कुमार के दिशा-निर्देशन में झाँसी मंडल द्वारा माह मार्च 2022 में विद्युत् संसाधनों के माध्यम पर उचित व्यय प्रबंधन करते हुए 38 लाख से अधिक राजस्व की बचत की गयी है। मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष कुमार ने सत्तासुधार से बातचीत करते हुए बताया कि मंडल द्वारा निरंतर हरित ऊर्जा को बढावा दिया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंडल द्वारा सौर उर्जा के माध्यम से बिजली का उत्पादन भी किया जा रहा है। मार्च माह में 1 लाख 08 हजार 727 यूनिट सौर उर्जा का उत्पादित की गयी जिससे 3 लाख 31 हजार 360 रुपये के रेल राजस्व की बचत हुई। वहीं पूरे वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान सौर उर्जा द्वारा कुल 38 लाख 37 हजार 425 रूपए के राजस्व की बचत हुई। फरवरी 2022 में मध्य प्रदेश क्षेत्र से ट्रैक्शन सब स्टेशन शिफ्टिंग से लगभग 2.33 रूपए करोड की बिजली व्यय में राजस्व बचत की गयी है । उक्त बचत मध्य प्रदेश क्षेत्र के 06 ट्रैकशन सब स्टेशन हेतमपुर, ग्वालियर, निवाडी, हरपालपुर दतिया एवं बसई के माध्यम से, खुले बाजार से बिजली खरीद से संभव हुई है। इस वित्तीय वर्ष में फरवरी तक 21.96 रूपए करोड राजस्व की बचत उक्त माध्यम से हो चुकी है। पूर्व में मंडल द्वारा बिजली चुनिन्दा माध्यम से ही ली जाती थी, जिसके फलस्वरूप हमें उनकी तय की गयी दरों के अनुसार ही भुगतान करना पडता था, परन्तु अब खुले बाजार से बिजली खरीदने पर खुली स्पर्धा के चलते कम दरों में बिजली उपलब्ध हो सकी है। उल्लेखनीय है वर्तमान में मंडल के अधिकांश खंड विद्युति कृत हैं। नयी तकनीक युक्त थ्री फेज लोको (एबीबी लोकोमोटिव) के प्रयोग से मंडल ने माह मार्च 2022 में 64 लाख 79 हजार 281 यूनिट बिजली की बचत की है, जिसको यदि 5.06 रूपए प्रति यूनिट से आँका जाए तो यह 3.28 करोड रूपए के रेल राजस्व की बचत है। 3 फेज इंजन होने की वजह से इसमें रि-जनरेटिव ब्रेकिंग भी होता है, जिसकी वजह ऊर्जा की बचत होती है।



# नाबलिग की हत्या एवं बलात्कार के मामले में फरार इनामी बदमाश पकड़ा

**मुरैना/ कैलारस।** फरारी बदमाशों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के अंतर्गत थाना चिन्नौंनी पुलिस द्वारा हत्या एवं बलात्कार के मामले में विगत 04 माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।


विदित हो कि 20 दिसंबर 2021 को थाना चिन्नोंनी के अंतर्गत आने वाली चौकी झुण्डपुरा के गांव सिंगपुरा में मृतिका के पिता द्वारा थाना चिन्नौंनी में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि खेत में अपने पिता को खाना देने जाते समय मृतिका को 02 आरोपीगणो द्वारा बीहड में पकड लिया तथा उसके साथ जबरदस्ती करने के बाद जहर पिला दिया, जिससे मृतिका की दौराने उपचार मृत्यु हो गई । जिस पर से थाना चिन्नौंनी में अप.क्र. 200/21 धारा 376 (डी), 302, 34 भादवि 3/4 पोक्सो एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त घटना को पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा गंभीरता से लेते हुये आरोपीगणों की गिरफ्तारी पर रूपये 5-5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में शुक्रवार 07 अप्रैल को थाना प्रभारी चिन्नौनी उनि अविनाश सिहं राठौड को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की घटना का एक आरोपी अपने घर ग्राम सिंगपुरा आया है, जिस पर कार्यवाही करते हुये चिन्नोंनी पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। उक्त आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। उक्त प्रकरण के एक अन्य आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चिन्नौंनी उनि अविनाश सिंह राठौड, उनि आर.एन. शर्मा, प्र.आर. राजकुमार सिंह, आर. अजीत जाट, गौरव जाट, मोहन अलावा, लवकुश शर्मा, रूपकुमार जाट व ब्रजेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।




## 3 दिवसीय सायबर अपराध विवेचना प्रशिक्षण शिविर का समापन




**मुरैना।** मुख्यालय पर 3 दिन से चल रहे साइबर अपराध विवेचना प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार की शाम समापन हो गया। इस शिविर में साइबर अपराधों के इन्वेस्टिगेशन के बारे में अधिकारियों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के मार्गदर्शन में पुलिस लाईन मुरैना मैं 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक सुबह 10 बजे से शायं 5 बजे तक साबयर संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही, सायबर संबंधी अपराधों के अनुसंधान एवं जागरूकता हेतु 03 दिवसीय सायबर अपराध विवेचना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल (राज्य सायबर सैल जोन ग्वालियर), के निर्देशन में नोडल अधिकारी उनि. सचिन कुमार पटेल के द्वारा किया गया, जिसमें व्याख्याता के रूप में व निर्देशन में उनि. कौशलेन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा, शैलेन्द्र राठौर (राज्य सायबर सैल जोन ग्वालियर)के द्वारा क्लास ली गई। इस प्रशिक्षण में सभी थानों के द्वारा भाग लिया गया, जिसके पाठ्यक्रम में सीडीआर एनालिसिस, फेसबुक एवं ब्हॉट्सएप फ्रॉड एवं एटीएम क्लोन, हेस वेल्यू, बेवसाईट संबंधी क्राईम इंर्वेस्टीगेशन, डीप बेव, डार्क बेव, क्रिप्टो करंसी संबंधी आदि टॉपिक को समझाया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन एक पेपर का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकतम अंक उनि. सौरभ पुरी (थाना प्रभारी निरार) को प्राप्त हुए।




## जानकी बाई को 8 वर्ष बाद आवास किश्त मिलने पर हुई खुश

### दिया मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों को धन्यवाद



**मुरैना।** जनपद पंचायत जौरा की कुम्हेड़ी गांव की रहने वाली जानकी बाई को मुख्यमंत्री आवास की दूसरी किश्त 35 हजार रूपये मिलने पर बहुत खुश हुई। 35 हजार रूपये की किश्त मिलने पर उसने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अधिकारियों को धन्यवाद दिया है।

ग्राम पंचायत कुम्हेरी निवासी जानकी बाई ने बताया कि वर्ष 2014 में पति श्रीनिवास जाटव पुत्र विरशुराम के नाम मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ था, जिसकी पहली किश्त 35 हजार रूपये मिली थी। पहली किश्त मिलने पर कुछ घर का काम कराया था। इसी बीच मेरे पति विरशुराम को केंसर हो गया। मैं उनके उपचार में व्यस्त हो गई, इस कारण मैं मकान की दूसरी किश्त नहीं ले पायी। जनपद सीईओ जौरा से चर्चा के बाद वे यही दिलासा देते रहे कि अगली किश्त मिल जायेगी, लेकिन मुझे दूसरी किश्त नहीं मिली। मैंने कई वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगायें। जनसुनवाई में भी गई, लेकिन मुझे दूसरी किश्त नहीं मिली। एक वर्ष पूर्व मैंने 12 जुलाई को चंबल संभाग के कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई में दूसरी किश्त के लिये आवेदन दिया। मैंने अपनी व्यथा संभागीय अधिकारियों को सुनाई तो उन्होंने मुझे किश्त दिलाने का आश्वासन दिया। चंबल संभाग के संयुक्त आयुक्त (विकास) राजेन्द्र सिंह ने बताया कि जानकी बाई ने 17 मार्च 2021 को जनसुनवाई में आवास की अगली किश्त दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर लगातार वरिष्ठ कार्यालयों से पत्राचार होता रहा। इसके बाद चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विकास आयुक्त की संचालक सुश्री तन्वी सन्द्रियाल को पत्र लिखा।

# अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपीगणों को 01-01 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** अवैध शराब का परिवहन करने के मामले में न्यायालय श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी संजय कुमार डण्डौतिया पुत्र शोभाराम डण्डौतिया, उम्र 34 वर्ष निवासी सुंदरपुर थाना सिविल लाईन जिला मुरैना को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(2) व आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(ए) में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष का कारावास व कुल 27 हजार रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा आरोपीगण, पप्पू उर्फ रणवीर सिकरवार पुत्र नरोत्तम सिंह उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम बहरारा (खाण्डोली) थाना देवगढ हाल निवासी सिद्धनगर जिला मुरैना, कल्याण सिंह कुशवाह पुत्र रामभरोषी कुशवाह उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम जडेरूआ थाना नूराबाद जिला मुरैना, रामऔतार सिंह कुशवाह पुत्र फेरन सिंह कुशवाह उम्र 55 वर्ष निवासी सुंदरपुर (लालौर) थाना सिविल लाईन जिला मुरैना को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(2) में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष का कारावास व 25-25 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि पुलिस थाना देवगढ, जिला मुरैना के उप निरीक्षक को 27 अगस्त 2008 की रात्रि करीब 1 बजे जर्ये मुखबिर से यह सूचना प्राप्त होने पर कि एक काले रंग की कार चिन्नौनी तरफ से नहर के किनारे स्थित रोड पर से होकर गुर्जा के आसपास अवैध शराब की पेटियां उतारने के लिए आ रही है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना देवगढ के उप-निरीक्षक मय फोर्स के शासकीय वाहन से रात्रि करीब 1.00 बजे के पश्चात ग्राम गुर्जा की नहर की पुलिया के पास पहुंचे और वाहन चैकिंग लगाई। चैकिंग के दौरान चिन्नौनी तरफ से एक वाहन आता हुआ दिखा, पास आने पर पुलिस फोर्स द्वारा वाहन को रोका तो उक्त वाहन में से चार व्यक्ति कूदकर भागने लगे, तभी पुलिस फोर्स की मदद से उक्त भागने वाले व्यक्तियों को घेरकर पकडा, नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम संजय पुत्र शोभाराम डण्डोतिया एवं पप्पू उर्फ रणवीर सिंह पुत्र नरोत्तम सिकरवार एवं कल्याण सिंह पुत्र रामभरोषी कुशवाह एवं रामऔतार पुत्र फेरनसिंह कुशवाह बताये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति की पृथक-2 तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान संजय डण्डोतिया के कमर में बांयी तरफ पेंट के नीचे एक 315 बोर का लोडेड कट्टा मिला, बाद में वाहन के अंदर देखा तो उक्त कार के पीछे वाली सीट के पास 12 पेटी ब्लू चिप शराब के क्वाटरों के जिसमें 576 क्वार्टर कुल 103.68 बल्क लीटर ब्लू चिप व्हिस्की मदिरा पाई गई, तब उक्त चारों लोगों से उपरोक्त शराब को लाने एवं ले जाने के संबंध में लाइसेंस चाहा गया, तो उन्होंने लाइसेंस न होना बताया तथा आरोपी संजय डण्डोतिया से उपरोक्त कट्टा रखने के संबंध में लाइसेंस चाहा गया तो उसने भी कट्टा रखने बावत लाइसेंस न होना बताया, तब उपरोक्त आरोपीगण से उपरोक्त मदिरा को जप्त कर एवं आरोपी संजय डण्डोतिया से उक्त कट्टा को अतिरिक्त बरामद कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपीगण को मय माल एवं कट्टा सहित थाने पर लाकर आरोपीगण के विरूद्ध पुलिस थाना देवगढ के अपराध क्रमांक-59/08 पर आबकारी अधिनियम एवं आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# भांजे के जन्मदिन की मस्ती में मस्त मामा ने किया हर्ष फायर मासूम की आँख मैं लगी गोली

## डांसर के साथ कर रहा था तमंचे पर डिस्को, हुआ बड़ा हादसा



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- करैरा थानांतर्गत ग्राम दबरा में बुध-गुरूवार की दरम्यानी रात अपने भांजे के जन्मदिन में शामिल होने आए मामा मस्ती में इतने मस्त हो गए किउन्होंने स्टेज पर डांसर के साथ डांस करते हुए आव देखा न ताव कमर से कट्टा निकाल कर स्टेज के नीचे बैठे लोगों के बीच फायर झोंक दिया। इस लापरवाही के चलते गोली एक 12 साल के मासूम बच्चे को जा लगी। बच्चे को इलाज के लिए ग्वालियर भर्ती कराया गया है पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल की रात ग्राम दबरा निवासी वंटी लोधी के बेटे का जन्मदिन था, परिजनों ने बेटे का जन्मदिन मनाने के लिए गांव में बड़ा भोज दिया। डीजे और डांस पार्टी का इंतजाम भी किया। बच्चे के पहले जन्मदनि पर वंटी के सुसराल पक्ष वाले भी गाम मछावली से पालना लेकर दबरा पहुंचे थे। रात करीब 12-1 बजे के वंटी के साले लोकेंद्र व नरेंद्र लोधी स्टेज पर डांसर के साथ डांस कर रहे थे। इसी दौरान एक ने कमर से कट्टा निकाला तो दूसरे ने कट्टा छीनकर उसे लोड किया व डांसर के साथ डांस करने लगा। कट्टा देख कर डांसर तो वहां से हट गई लेकिन युवक ने आव देखा न ताव सीधा स्टेज के नीचे बैठे लोगों की तरफ कट्टे से फायर झोंक दिया और फिर से डांस करने में मशगूल हो गया लोगों में भगदड़ मच गई क्योंकिगोली गांव के ही मायाशिव परिहार के 12 साल के बेटे उमाशंकर की आंख में जाकर लगी। मायाशिव बच्चे को लेकर रात में करैरा अस्पताल पहुंचा और वहां से उसे ग्वालियर रैफर कर दिया गया। मायाशिव ने ग्वालियर से लौट कर करैरा थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपित लोकेंद्र व नरेंद्र के खिलाफ धारा 308 आईपीसी व एससीएसटी एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों से वारदात में उपयोग किया हुआ कट्टा बरामद कर आमर्स एक्ट की धारा इजाफा कर ली है।

### कैमरे में कैद हुई पूरी वारदात

जिस समय युवक डांसर के साथ डांस करते हुए कमर से कट्टा निकाल रहा था, उस समय कई लोग अपने मोबाइलों में डांस की वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान यह पूरी घटना घटित हुई, इस कारण पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया है, यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है और लोग अपने अपने हिसाब से उस पर कमंट भी कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं किपहले मामले में कोई एफआईआर नहीं कराने को लेकर दोनों पक्षों में बात हो रही थी, इसी के चलते स्वजन बच्चे को सीधा ग्वालियर ले गए, लेकिन जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मजबूरन मामले में एफआईआर दर्ज करवानी पड़ी।

# 2.60 लाख की स्मैक के साथ तीन को दबोचा







**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**। कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार की रात अलग-अलग दबिश देकर तीन युवकों को 2.60 लाख रु. की स्मैक के साथ दबोचा है। पुलिस ने केस दर्ज कर संबंधितों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली टीआई सुनील खेमरिया को सूचना मिली कि तीन युवक स्मैक के साथ अलग स्थान पर खड़े है जिसके बाद टीआई तीन अलग-अलग टीमें बनाई। जिसमें एक टीम की कमान एसआई दीपक पलिया दूसरी टीम की कमान एसआई सुमित शर्मा और तीसरी स्वंय टीआई सुनील खेमरिया कि टीम ने दबिश दी। पुलिस ने दीपक (21) पुत्र कैलाश कुशवाह निवासी लालमाटी शिवपुरी से 10 ग्राम स्मैक बरामद की है। फतेहपुर चौराहे से रॉकी (35) पुत्र सुगनचंद्र बंसल निवासी कृष्णपुरम कॉलोनी को 8 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा है। इसी तरह अमित शर्मा (30) पुत्र नरेश शर्मा निवासी नवाब साहब रोड को नवाब साहब रोड तिराहे से 8 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा है। तीनों युवकों से कुल 26 ग्राम स्मैक बरामद हुई है जिसकी कीमत 2.60 लाख रु. आंकी जा रही है।

# यातायात पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान,दो दर्जन वाहनों के खिलाफ की चालानी कार्यवाहीं

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड**। पुलिस अधीक्षक शेलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन कराने के लिए अटेर रोड के मुड़ियाखेरा चौराहे पर चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें तीन सबारी, बिना नंबर प्लेट लगी बाइक,बिना ड्राइविंग लाइसेंस,ऑटो आदि की विशेष चैकिंग कर चालानी कार्यवाही का अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात सूबेदार नीरज शर्मा, दीपक पाण्डेय, मोहित शर्मा,फीरोज खान व उनकी टीम ने चैकिंग अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही की गई।सूबेदार नीरज शर्मा ने स्थानीय नागरिकों से अनुरोध किया है कि पुलिस का ये अभियान आगे भी जारी रहेगा,असुविधा एवं चालानी कार्यवाही से बचने के लिये स्वयं ही अपने वाहन में सही रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित करवा लें और सभी लोग हेलमेट का भी प्रयोग करें।तथा अपने बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें जो अभी 18 वर्ष से कम हैं।



## जनसुनवाई में भी लगाई गुहार अधिकारी नहीं दे रहे है जनता के सवालों का जवाब हो कार्रवाई

शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर जनसुनवाई मैं आवेदन देने आए आदर्श सिंह परिहार ने आवेदन के माध्यम से बताया कि नगरपालिका में लापरवाही किस कदर चल रही है की प्रशासनिक कार्यों का लेखा-जोखा आरटीआई के माध्यम से देने वाले अधिकारी भी सही प्रकार से कार्य नहीं कर रहे हैं और जो एक लोकतंत्र में व्यक्ति को आजादी है कि वह किसी भी विभाग से आरटीआई के माध्यम से की जानकारी ले सकें लेकिन नगर पालिका के अधिकारी किसी भी प्रकार की जानकारी देने में सक्षम नहीं है इससे साफ पता चलता है कि किस प्रकार के घोटाला बाजी और धांधली नगर पालिका शिवपुरी में चल रही है आवेदन करता आदर्श सिंह परिहार द्वारा बताया गया की मेरे द्वारा पत्र दिनांक 15.02.2022 व 24.02 2022 को नगर पालिका शिवपुरी एवम खाद्य एवं नगरीय अपूर्ति विभाग से सूचना का अधिकार 2005 के अन्तर्गत जानकारी मांगी गयी थी। किन्तु आज दिनांक तक दोनों विभागों के जबाबदार अधिकारी द्वारा मुझे किसी भी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी। इससे पूर्व भी मेरे द्वारा सूचना के अधिकार आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी। इस विषय से अत्यंत एवं विवश होकर यह शिकायत पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। तो वही आगे की कार्रवाई करने के लिए मैं वाद्य हूं ताकि भ्रष्टाचार उजागर हो और विभाग के अधिकारियों कर्मचारी को दंड मिले।

# 7 साल पहले हुई थी शादी अब करता है परेशान पति परेशान



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी के एसपी ऑफिस से है जहाँ आवेदन देने आए महिला ने बताया कि हमारी शादी 7 साल पहले 2016 में हुई थी कुछ समय तक ठीक चला लेकिन उसके बाद पति दारू पीकर मारपीट करने लगा और पैसे की मांग करने लगा. जानकारी के अनुसार मंजू रावत पति मनीष रावत ससुराल टोंगरा ने बताया कि उसकी शादी 2016 में हुई थी इसके बाद कुछ समय तक तो ठीक चला लेकिन उसके बाद पति आए दिन दारू पीकर मारपीट करने लगा जब मना करती तो जान से मारने की धमकी देता और पैसे की मांग करने लगा कि अपने भाई से पैसे लेकर आओ इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन पति का रवैया यही रहता था जिससे परेशान होकर मंजू अपने मायके खेरोना आ गई और वहां पर अपने भाई के साथ रहने लगी लेकिन पति मनीष रावत वहां पर भी अपने दोस्तों के साथ आता और पत्नी को ले जाने के लिए भाई से कहता मना करने पर उसे भी धमकी देता भाई भी घर पर बंद रह कर रह गया उसको भी बाहर निकलने में डर लगता है जिसके बाद आज मंजू रावत अपने भाई के साथ एसपी ऑफिस पहुंची जहां उसने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है. आपको बता दें कि मंजू रावत के दो बच्चे हैं जिसमें से लड़की तमन्ना 1 साल 6 माह की है जबकि लड़का अरमान 7 माह का है महिला के भाई ने बताया कि वह दोनों बच्चों को लेकर भोपाल में मजदूरी का कार्य करेगा जिससे उनका लालन-पालन कर सके.

# पं. उद्धव दास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 अप्रैल

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- आयुष संचालनालय भोपाल ने पं.उद्धव दास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वर्ष 2021 और वर्ष 2022 के लिए नामांकन आमंत्रित किये है। राज्य में प्रत्येक वर्ष यह सम्मान मध्यप्रदेश के उन व्यक्ति अथवा संस्था को दिया जाता है, जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हों। साथ ही जिन संस्थाओं एवं व्यक्तियों ने आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार किये हों। विभाग द्वारा पुरस्कार के रूप में सम्मान स्वरूप एक लाख रुपये नगद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है। आवेदन 28 अप्रैल 2022 शाम 5 बजे तक जमा करायें जा सकते है। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी फोन नम्बर 0755-2571643 और विभाग की वेबसाइट https://www.ayush.mp.gov.in पर लॉगऑन करके प्राप्त की जा सकती है।

## जिला कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी चन्द्रप्रभाष शेखर द्वारा जारी जिला कार्यकारिणी सूची को जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला समक्ष प्रेस कांफ्रेंस में जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है । पूर्व विधायक हेमंत कटारे ,डॉ राधेश्याम शर्मा, रामप्रकाश यादव के अलावा कई वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे ।



**जिला उपाध्यक्ष**- मनोज देपुरिया, ब्रजेश सिंह कल्लू, रामहर्ष सिंह कुशवाह, वीरेंद्र सिंह यादव, जबर सिंह कुशवाह, जयेंद्र सिंह राजावत, कृष्णगोपाल चौरसिया, इरशाद अहमद, देवेंद्र सिंह भदौरिया, हरनारायण शर्मा, अशोक गुप्ता, डॉ रणवीर यादव, अरविंद अरेले, रामज्ञान कुशवाह, नाथूराम चुरारिया, डॉ ओमप्रकाश कौरव, सोमराज सिंह नरवरिया,
**कोषाध्यक्ष**- योगेश कुमार शाक्य
**महामंत्री**-राजीव कौशिक, आर्शीवाद शर्मा, कुलदीप गुर्जर, श्रीमती ममता मिश्रा, रणवीर परिहार, नरोत्तम चौरसिया, अशोक जैन, चैतन्य शर्मा, अमित दांतरे, रामा वाल्मीकि, श्रीमती रेखा बसेडिया, सुरेंद्र राजोरिया, विनोद पंडित, सोमवीर यादव, विवेक पचौरी, कप्तान सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह राजावत, नीरज रॉकी तोमर, समीर भदौरिया, महेश जाटव, अशोक चतुर्वेदी, राहुल सिंह राजावत, श्रीमती स्नेहलता जैन, श्रीमती आशा रतन चन्द्र जैन।

# नरोत्तम मिश्रा ने किया 68 पुलिस आवास गृहों सहित थाना भवनों का लोकार्पण




**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि, विधायी कार्य विभाग मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्र शुक्रवार को शिवपुरी भ्रमण पर आये। उन्होंने मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना अंतर्गत 68 पुलिस आवास गृहों एवं थाना भवन गोवर्धन, गोपालपुर, तेंदुआ, खनियांधाना एवं चौकी भवन थनरा का लोकार्पण किया।

शिवपुरी शहर के फतेहपुर रोड स्थित नवनिर्मित आवासीय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्री प्रहलाद भारती, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त श्री नरेन्द्र बिरथरे, विधायक कोलारस श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, पूर्व विधायक माखनलाल राठौर, पूर्व विधायक श्री महेन्द्र यादव, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश प्रवक्ता धैर्यवर्धन शर्मा, दतिया जिलाध्यक्ष श्री बड़ोनिया, आई.जी.ग्वालियर श्री अनिल कुमार शर्मा, कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल सहित जनप्रतिनिधि, अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अगुवाई में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जो मध्यम एवं निचले वर्ग के लोगों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से गरीब व्यक्ति की आर्थिक स्थिति में सहारा तो लगा ही है साथ ही जीवन यापन में लगने वाली आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति भी हुई है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से आज गरीब व्यक्ति को निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है, उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर प्राप्त हो रहा है। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा शिवपुरी में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। डकैतों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले इस प्रकार का सुरक्षा का वातावरण नही था। लेकिन आज सुरक्षा का वातावरण निर्मित हुआ है जिसमे अच्छी पुलिस का भी योगदान है।

# जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन




**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे पर गुड हेल्थ एंड वेल बीइंग के अंतर्गत एक हेल्प चेकअप कैंप लगाया गया इस कैंप में डॉक्टर वैभव प्रतीक जी जो एक नेचुरोपैथी विशेषज्ञ है को आमंत्रित किया गया कार्यक्रम में सबसे पहले डॉक्टर साहब का सम्मान प्रेसिडेंट आशु अग्रवाल जी के द्वारा माल्यार्पण भेट करके किया गया और आईबीपी इंपैक्ट 2030 में जो सिंगल जी के द्वारा सबको नेचुरोपैथी कैंप लगाने के फायदे के बारे में अवगत कराया डॉक्टर साहब के साथ उनकी वाइफ शिक्षा प्रतीक जी भी शामिल हुई उनका सम्मान हमारे जैसी शिल्पी शर्मा के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में डॉ रश्मि गुप्ता जो कि भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष शिवपुरी की है उनका सम्मान सचिव रश्मि गोयल के द्वारा किया गया और समाज सेविका सुमन पाराशर भी उपस्थित थी उनका सम्मान जैसी रानी गोयल द्वारा किया गया डॉक्टर साहब ने आधुनिक मशीनों के उपयोग द्वारा शरीर में कई सारी बीमारियों का पता एक्युलाइफ इलेक्ट्रो एक्यूपंचर इंस्ट्रूमेंट के द्वारा आए हुए मरीजों की जांच की गई और उन को होने वाली तकलीफों के बारे में उनको बताया और साथ ही साथ उनको इसके इलाज के बारे में भी बताया इसके साथ ही प्रयास डे के अंतर्गत ऑर्गेनिक सेनेटरी पैड की भी जानकारी और डॉक्टर साहब ने इसका डेमो बहा पर आई हुई महिला सदस्य आर जे जे बिंग की बच्चियों को दी उन्होंने बताया कि यह पैड से पीरियड टाइम में बहुत ही आराम मिलता है और यह बॉडी के लिए हानिकारक भी नहीं है और किसी पीरियड टाइम में होने वाली प्रॉब्लम से भी छुटकारा मिलता है सब लोगों ने इस जानकारी का भरपूर लाभ उठाया और सेनेटरी पैड भी खरीदे और सभी ने एक्यूप्रेशर पद्धति के द्वारा चिकित्सा का लाभ लिया कार्यक्रम के अंत में डॉ वैभव प्रतीक जी को अध्यक्ष आशु अग्रवाल के द्वारा लव एंड टोकन देकर सम्मानित किया गया और अंत में सचिव रश्मि गोयल के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया और इस पूरे कार्यक्रम का कोऑर्डिनेशन जेसी नीतू जैन के द्वारा किया गया प्रोग्राम में बाहर से आई मरीज महिलाओं ने पूरा पूरा लाभ लिया इसमें उपस्थित महिलाएं जेसी रानी गोयल जेसी रुचि मंगल जेसी संध्या अग्रवाल जेसी प्रियंका सोनी जेसी शिल्पी शर्मा और इंपैक्ट 2030 की चेयर पर्सन जेसी स्मिता सिंघल जी और जेसी नीतू जैन और जे जे बिंग के सदस्य जैसी श्रुतिका गोयल और जेसी आर्यन जैन उपस्थित रहे।

## डकैतों का केंद्र बना शिवपुरी नगर पालिका




- एस ओ अधिकारी कुरैशी की भी नहीं सुनते हैं विभाग के कर्मचारी
- सूचना के अधिकार 2005 के अंतर्गत पत्रकारों को भी नहीं मिल रही जानकारी

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी मध्य प्रदेश की नगर पालिका से आ रहीं हैं जिधर शिवपुरी की जनता द्वारा नगरपालिका के कहीं विभागों में भ्रष्टाचार होने की शंका जताई जा रही है जिसके तहत जनता द्वारा सूचना के अधिकार 2005 के अंतर्गत नगरपालिका के कई विभागों में आरटीआई द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर आरटीआई लगाई गई है जिसको लेकर अभी तक जानकारी साझा नहीं की गई है जब इस पूरे मामले की पड़ताल हमारे रिपोटर ने की है तब पता चला है कि आरटीआई का जवाब ना सिर्फ जनता को दिया जा रहा है तो वही पत्रकारों को भी इसका जवाब नहीं मिल रहा है । ऑफिस सेक्रेट्री कुरेशी बाबू के जवाब मांगने पर भी विभाग के कर्मचारी नहीं दे रहे हैं उचित उत्तर जब हमने ऑफिस सेक्रेट्री से आरटीआई को लेकर जवाब मांगा ऑफिस सेक्रेटरी बाबू का कहना है कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जानकारी नहीं दे रहे है ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं जब ऐसा हाल ऑफिस सेक्रेटरी का है तो फिर आम जनता का क्या हाल होगा हालांकि इस पूरे मामले में बात कहीं जा रही है कि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को एक बार फिर से नोटिस भेजा जाएगा परंतु सवाल खड़े हो रहे हैं आखिर कब ?

## पूर्व सरपंच के घर में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख



### फायर बिग्रेड ने समय पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** एंडोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छ रेटा के पूर्व सरपंच के घर में अचानक आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छ रेटा के पूर्व सरपंच स मो की लाल कुशवाह व प्रमोद कुशवाह पुत्र छवि राम कुशवाह तथा महेश पुत्र टीकाराम कुशवाह के घरों में रखा सामान में 40 कुंटल गेहूं 25 कुंटल आलू 67 कुंटल के लगभग सरसों 1000 फुट प्लास्टिक पानी वाले पाइप तथा आटा चक्की वमोटर सहित अन्य गृहस्थी का सामान जलने से लगभग 3 या ?4 लाख का जलकर राख हो गया वही पीड़ित परिवारने बताया मां भगवती बाई उम्र 50 वर्ष सुबह खाना बना रही थी सभी 9ः00 या 10ः00 बजे के लगभग अचानक आग लग गई जिससे आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई एक आगजनी घटना की जानकारी एंडोरी थाना पुलिस को लगी तो पुलिस ने तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी फायर बिग्रेड ने समय पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से आगजनी पर काबू पाया वहीं दूसरी तरफ गोहद में ऑफिसर कॉलोनी के पास रह रहे चौकीदार निहाल सिंह कुशवाहा के घर में अचानक आग गई जिसको आसपास के लोगों ने मिलकर बुला लिया इस आगजनी की घटना में फिलहाल कोई नुकसान नहीं हुआ है

## भूतपूर्व सैनिकों का विरोध प्रदर्शन जोरों पर, नहीं मानी गई मांगे तो करेंगे उग्र आंदोलन।



**ग्वालियर-** गोले का मंदिर पर ग्वालियर चंबल संभाग के सभी भूतपूर्व सैनिकों द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती में भूतपूर्व सैनिकों का 10 परसेंट आरक्षण मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विलुप्त कर दिया गया है इससे ग्वालियर चंबल संभाग के समस्त पूर्व सैनिकों द्वारा 7 दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन मैं सभी साथियों द्वारा गोले के मंदिर से गोवर्धन कॉलोनी तक फ्लैग मार्च निकालकर भाजपा सरकार होश में आओ शिवराज सरकार होश में आओ हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते गगनभेदी नारे लगाते हुए एक सैकड़ा साथियों के साथ विरोध प्रकट किया सरकार से मांग करते हैं कि हमारी जो मांगे हैं उसमें विचार कर हमारे साथ न्याय करें नहीं तो हम तीव्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी समस्त पूर्व सैनिक ग्वालियर चंबल संभाग उपस्थित रहे

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सीधी के पीड़ित पत्रकारों के समर्थन में किए कैमरे डाउन





### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग दोहराई

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर,** मध्यप्रदेश के सीधी में हुए पत्रकार और रंगकर्मियों के साथ पुलिस प्रशासन की अभद्रता के बाद पूरे प्रदेश के पत्रकार आक्रोशित हैं। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले ग्वालियर के पत्रकारों ने अपने कैमरे डाउन करके प्रदर्शन किया, आपको बता दें कि 2 अप्रेल को सीधी पुलिस ने पत्रकारों और रंगकर्मियों के साथ मारपीट कर उनकी अर्धनग्न तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थीं, मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने पत्रकार सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए सीधी कांड में पीड़ित पत्रकारों को न्याय देने की मांग की है। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागाध्यक्ष सर्वेश पुरोहित के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने पत्रकारों के हित में केंद्र सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों एफआईआर करने की मांग की है। वहीं मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार की भारतीय जनता पार्टी से भी मांग है कि सीधी के भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, फूलबाग के गांधी उद्यान के सामने हुए इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सिटी हलचल न्यूज के रमन शर्मा श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय उपाध्यक्ष सुशील कौशिक, संयुक्त सचिव गजेंद्र इंगले,कोषाध्यक्ष राकेश झा, अरूण मोरे शिवम चौहान, उमेश वर्मा, अनिल सिकरवार, अनिल राजपूत, हेम सिंह,सतेंद्र रावत, भरत चौहान, सुरजीत राजावत, सुनील वर्मा, कमल वर्मा, देवेंद्र तिवारी, संजय भदौरिया, धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र परिहार, सागर शर्मा, समेत अन्य सैंकड़ों की संख्या में पत्रकारगण मौजूद रहे।

# परिचित ने दो बच्चो की मॉं को तीन दिन बंधक बनाकर किया बलात्कार



**भोपाल।** राजधानी मे परिचित युवक द्वारा विवाहित महिला को तीन दिन तक बंधक बनाकर बलात्कार किये जाने का मामला सामने आया है। बीते दिन किसी तरह आरोपी को चकमा देकर महिला उसके चुगल से भाग निकली ओर पति के पास जाकर सारी बात बता दी। मामला छोला मंदिर इलाके का है, विवाहिता के दो बच्चों है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय महिला ने पति के साथ थाने आकर शिकायत करते हुए बताया कि वो अटल अयूब नगर में पति ओर दो बच्चो के साथ रहती है, ओर गृहिणी है। उसका पति ड्राइवर है, जो काम के सिलसिले मे आये दिन घर से दूर रहता है। पूर्व में विवाहिता मुरली नगर में किराए से रहती थी। जहॉं पड़ोस में रहने वाले समीर बेग से घर के छोटे मोटे कामो मे मदद करने के चलते उसकी जान पहचान हो गई थी, ओर वो उसके घर भी आता जाता रहता था। आने जाने के दौरान समीर का व्यवहार महिला के लिये बदलने लगा, जिसे देख महिला ने पहले तो उससे दुरिया बनाने की कोशिश की, लेकिन जब आरोपी उसे परेशान करने लगा तो पीडीता ने अपने पति को सारी बात बताई। इसके बाद पति वो मकान छोडकर अटल अयूब नगर में किराए के मकान मे रहने चला गया। लेकिन आरोपी वहॉं भी पहुचं गया ओर विवाहिता के मकान के आसपास मंडराने लगा। आरोप है कि 28 मार्च को महिला घर पर अकेली थी, उस समय आरोपी उसके घर जा धमका ओर महिला को डरा धमकाकर अपने साथ बाईक पर बैठाकर कैंची छोला इलाके में स्थित अपने कमरे पर ले गया।

# गणगौर नृत्य देखने उमड़ा जनसैलाब, नम आंखों से दी माता को बिदाई



**पुष्पाजंली टुडे**

**कुक्षी** ःसमूचे मालवा एव निमाड़ में मनाया जाने वाला गणगौर पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। माताए भगवान शंकर ओर माता पार्वती की भक्ति में लीन होकर प्रतिदिन धूप ध्यान का दौर चला।गणगौर माता ओर इश्वरजी के रथो को विशेष पोशाकें पहनाकर पानी पिलाने के साथ रात्रि में मटकी फोड़ नाच, आड़े हाथ नाच,किम डी नाच,डांडिया नाच का आयोजन किया गया। क्षत्रिय सीरवी समाज के बड़ी हताई, राम चोक, छोटी हताई,आई माताजी चोक पर विशेष उत्साह रहा। नृत्य देखने उमड़ा जनसैलाबः 2 वर्षो से कोरॉना वायरस के कारण लोगो के हित मे समाज द्वारा गणगौर पर्व सीमित रूप से मनाया गया था।इस 7 अप्रैल को नगर के जवाहर चोक पर भारी उत्साह नजर आया ।शाम 8 बजे आई माताजी मंदिर से 4 ढोल की विशेष थाप पर चल समारोह की शुरुआत होकर मेन बाजार होते हुए खचाखच भरे जवाहर चोक में चल समारोह पहुंचा।आई माता जी की जयकारों के साथ विशेष नृत्य की शुरआत हुईं।2 साल बाद 200से अधिक गणगौर ओर इस्वरजी के अलौकिक नृत्य को देखने शाम6 बजे से ही पूरा चोक खचाखच भरा गया था।विशेष नृत्य को देखने अंचल के मनावर, बड़वानी, खरगोन, अलीराजपुर, बाघ, टांडा, राजगढ़, लोहारी आदि से सेकडो भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा।सीरवी समाजके साथ सकल पंच अध्यक्ष कांतिलाल गहलोत,रमेशचंद काग,गोमाजी सेप्टा, बाबूलाल गहलोत, बाबूलाल मूलेवा,समाज के कोटवाल कैलाश काग, मांगाजी बरफा विशेष रूप से उपस्थित रहे। नम आंखों से दी माता को बिदाईः 3 दिवसीय गणगौर पर्व पर बुधवार के दिन माता की बिदाई नहीं की गई।कहा जाता है कि बुधवार की बहन,बेटी की अपने पीहर से बिदाई नहीं होती है।इसी कारण माता की बिदाई बुधवार होने से गुरुवार को कि गई ।लेकिन गुरुवार को समाज के मनीष मोतीलाल परमार परिवार द्वारा मन्नत होने से माता का रात्रि विश्राम उनके निवास पर किया गया।ओर शुक्रवार को माता को नम आंखों से बिदाई दी गई।



## ग्राम सिकरोड़ी मैं चंबल के रेत से हो रहा शासकीय सड़क व पुलियाओं का निर्माण

**गणेश शंकर राजोरिया**

**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह के ग्राम सिकरोड़ी मैं चंबल के रेत से सड़क व पुलियों का निर्माण हो रहा है ठेकेदार धड़ल्ले से चंबल के रेत से निर्माण पर निर्माण किए जा रहे हैं उनको को किसी का दर नही है प्रशासन के पीठ पीछे यह सब हो रहा है ग्राम सिकरोड़ी के लोगों के द्वारा बताया गया कि यह कार्य इन पुलियों व सड़को को बनने मैं चंबल के रेत का प्रयोग किया जा रहा है ग्रामीण निवासियों के द्वारा बताया गया कि इन निर्माण को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करने वाला ठेकेदार भदौरिया एवं सुपरवाइजर राजवीर सिंह है प्रशासन को इनके निर्माण मैं चंबल के रेत को रोककर इन लोगों पर कार्यवाही करनी चाहिए निर्माण कार्य भी चल रहे है। बताया जाता है कि इस रेत का उपयोग इन्हीं निर्माण कार्यों में भी किया जा रहा हैं जो कि नियम विरुद्ध है। चंबल का रेत प्रतिबंधित होने के बावजूद इस रेत का इस्तेमाल इन निर्माण कार्यों में किया जा रहा है। इसके बावजूद न तो निर्माण एजेंसी इस ओर ध्यान दे रही है। और न ही संबंधित विभाग की टीमें। जिसके चलते धडल्ले से इस प्रतिबंधित रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने पर पचास प्रतिशत की छूट

**भोपाल।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में खादय प्रसंस्करण को बढावा देने एवं खेती का लाभ का धंधा बनाने की मंशा से कृषि अधोसंरचना निधि से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगवाई जा रही हैं तो निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए मंडी शुल्क में छूट देने का निर्णय लिया गया है। संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश के अधिकतम पचास प्रतिशत के बराबर राशि या पांच साल तक छूट दी जाएगी। प्रदेश में उद्योग संवर्धन नीति 2014 से लागू है। इसमें खाद्य प्रंसस्करण के क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मंडी शुल्क में छूट का प्रविधान भी है। इसके लिए मंडी अधिनियम के तहत कृषि विभाग अधिसूचना जारी करता है, जिसकी अवधि कोरोना काल में समाप्त हो गई थी। अब इसे संशोधित करके लागू किया गया है। इसमें प्रविधान किया है कि जो इकाइयां पहले से संचालित हैं, उन्हें भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा।इसके लिए जिला स्तरीय सहायता समिति अनुशंसा करेगी और मंडी बोर्ड के प्रस्ताव पर शासन अंतिम निर्णय करेगा। उत्पादन प्रारंभ होने से 120 दिन के भीतर मंडी शुल्क में छूट के लिए आवेदन करना होगा। उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने बताया कि इस व्यवस्था से खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए निवेशक प्रोत्साहित होंगे।

## राज्य कर्मचारी संघ की मान्यता पर लटकी तलवार

**भोपाल।** राज्य कर्मचारी संघ की मान्यता पर गुटबाजी के चलते तलवार लटक गई है। यह नौबत संघ में गुटबाजी बढ़ने और तीन-तीन अध्यक्ष होने के कारण बनी है। सालों तक प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की दमदार आवाज बनकर न्याय दिलाने वाले संगठन के साथ आज खुद ही अन्याय हो रहा है। आपसी विवादों के चलते संघ की मान्यता पर संकट गहराने लगा है। पूर्व में इस संघ का एक ही अध्यक्ष था, लेकिन धीरे-धीरे मनमुटाव और आपसी खींचतान इतनी बढ़ गई कि इस कर्मचारी संघ में काम करने वाले कर्मचारियों ने अपने-अपने गुट बना लिए। अलग-अलग गुट के अध्यक्ष भी बन गए हैं। ये एक ही संघ व उसके पंजीयन का उपयोग कर रहे हैं।

# उप महाप्रबंधक एन. डी. स्वर्णकार ने कार्यालयीन कार्य के साथ-साथ बंजर जमीन में बागबानी कर बनाया उद्यान, बना आकर्षण का केंद्र



**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** कहते हैं एक एक बूंद से सागर भरा जा सकता है उसी तरह एक ही पौधा लगाने से हजारों जिंदगी सुरक्षित रह सकती हैं कुछ इसी मंशा से 2 साल पहले बिजली विभाग के कार्यपालन यंत्री एन. डी. स्वर्णकार उप महाप्रबंधक पिछोर ने पहल की संभागीय कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों की यादों को पौधों से सजाया गया कुछ सालों में ही इन पौधों से सुंदर बगीचा किसी का भी मन आकर्षित कर सकता है बात पर्यावरण को लेकर संजीदगी और जज्बे की है वर्ष 19-20 में तत्कालीन उप महाप्रबंधक एन डी स्वर्णकार ने बिजली विभाग के संभागीय कार्यालय में बरसों से बंजर जमीन को देख कर विचार किया ख्याल आया कि क्यों ना कार्यालय प्रांगण में हरियाली की मुहिम छेड़ी जाए यहां काफी भूभाग गंदगी से प्रभावित था उस जमीन को साफ कराते हुए समतल कराया मौजूद अधिकारियों से भी पौधे लगवाए एलोवेरा पाखरं फलों में अकेला पपीता अमरूद आम अनार फूलों में गुलाब सफेद गुलाब पीला गुलाब नीला गुलाब लाल गुलाब एवं सभी प्रकार की सब्जी लौकी करेला टमाटर तुरैया आदि पेड़ पौधों स्वयं सजाया है यह भी नियम बनाया कि कार्यालय में आने वाले उच्च अधिकारी या फिर कोई भी नया अधिकारी आए वह एक पौधा जरूर लगाएं सेवानिवृत्ति पर हर कर्मचारी से पौधा लगवाए गए समय गुजरता गया कई अधिकारी आते जाते रहे और कर्मचारी भी सेवा निवृत्ति हुए पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया पहल के तहत एक पौधा बढ़ता गया और कार्यालय का बगीचा है हरियाली के साथ पर्यावरण संरक्षण का केंद्र बन गया वैसे तो कई बिजली कर्मी हरा भरा बगिया बेहद रूप ले रहा है लेकिन महकमा तथा उन लोगों को भी पौधे लगवाने की सीख दे रहा है जो यह सोचते हैं कि एक पौधा लगाने से क्या होगा पौधारोपण की इस पहल को शुरू करने वाले विभाग के डी ई एन डी स्वर्णकार कहते हैं कि उन्हें खुशी है कि कार्यालय में अभी साथी अधिकारी कर्मचारी हरियाली की श्रृंखला बरकरार रखे हुए हैं और आगे भी यही सिलसिला चलता रहेगा अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों के लगाए गए हर पौधे पर पानी डालना या रखरखाव करने का दायित्व सौंपा गया है पेड़ पौधे बरसो बाद में उन सभी की यादों को भविष्य में बनाए रखेगा जिनके हाथों से पौधे लगे कई अधिकारी कर्मचारी से नहीं बल्कि सैकड़ों बिजली कर्मियों की यादों में से जुड़ा बगीचा ओरो के लिए भी नसीहत है जिस समय पहला पौधा लगा तब उम्मीद नहीं थी कि वो यह पहल आगे तक पहुंचेगी अब यह बगीचा दिल को सुकून और कुछ पल बैठने से थकान दूर कर देता है और महाप्रबंधक पीआर शिवपुरी भी कई बार यहां आ चुके और बगीचा की सराहना करते हैं अन्य विभागों से उच्च अधिकारी और कर्मचारी रंग बिरंगी पेड़ पौधों को आकर देखते हैं और खुशी मिलती है जहां गंदगी थी आज वह आए स्थान पर भग बगीचा बनकर तैयार हो गया है अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारी ने भी अपनी अपने नाम से पेड़ पौधे रोपे प्रबंधक घनश्याम प्रसाद दक्ष सहायक प्रबंधक अरविंद कुमार भोसले वरिष्ठ ऑपरेटर महेश नामदेव बाबू विश्वनाथ श्रीवास्तव अशोक कुमार भट्ट नंदकिशोर भदोरिया अशोक कुमार गुप्ता अमोल सिंह यादव उर्फ किंग मेन सचिन शर्मा राजरानी शर्मा भारतीय विश्वकर्मा कुलदीप पाराशर शिवम राठौर गजेंद्र कोली राजेश सेन आदि कर्मचारियों ने आदि कर्मचारियों ने भागीदारी जताई है बस जो बनकर निर्मित हुआ जो यहां की शान है।

## पूजा पाठ की सामग्री डालने गये व्यक्ति को कुड़े मे नजर आई युवक की लाश

**भोपाल।** राजधानी के हबीबगंज थाना इलाके मे एक निजी जमीन पर बने कुएं में युवक की लाश बरामद हुई है। बताया गया है कि इस कुड़ मे आसपास के लोग पूजा पाठ के बाद उस सामान को इस कुड़ मे डाल देते है, ऐसे ही बीते दिन जब पास मे रहने वाले एक व्यक्ति कुड़े पर गये तो उन्हे उसके भीतर शव पडा नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। खबर मिलने पर पहुचीं पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया ओर पीएम के लिए भेज दिया, शव करीब दो दिन पुराना बताया गया है। शुरुआती कार्यवाही के दौरान शाव की पहचान नही हो सकी है। पुलिस के अनुसार इलाके मे स्थित चित्रांश नर्सरी के पास रहने वाले प्रदीप पारिक ने बताया कि उनके मकान से कुछ दूरी पर निजी प्लॉट है। जिसपर एक कुआ बना हुआ है। इस कुएं में आसपास के लोग पूजा के बाद सामग्री को पानी मे डाल देते है। बीती शाम जब वो कुएं पर पूजा पाठ की सामग्री झलने गये तो उन्हे कुएं से बदबू आई। कोतूहल वश उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो उन्हे पानी मे एक युवक का शव नजर आया।

# अम्बाह जन्मी लाडली तो स्वागत के लिए सजाया घर कन्याओ को दिये उपहार

## घर की दहलीज पर नन्ही लाडली के पैरों से लुढ़कवाया चावल से भरा कलश, पदचिन्हों की छाप भी छुड़वाई..





**केशब पंडित पुष्पांजली टुडे**

**चम्बल ।** भले ही मुरैना जिला कोख में कन्याओं के कत्ल के लिए बदनाम रहा है। नतीजन अभी तक लिंगानुपात लड़कों के मुकाबले कम ही है। बावजूद इसके अब धीरे-धीरे वक्त बदल रहा है।पत्रकार व समाजसेवी संगठनों के लगातार प्रयासों से लोगों की सोच में परिवर्तन हो रहा है। यही वजह है कि 04 अप्रैल को मुरैना जिले के अम्बाह निवासी आकाश शुक्ला पत्रकार की पत्नी पूनम ने लाडली को जन्म दिया। शुक्रवार को उसके परिजन नन्ही परी को जब घर ले गए तो पूरे घर को सजाया गया और हर्षोल्लास के साथ गृह प्रवेश कराया।

### जन्मी लाडली तो स्वागत के लिए सजाया घर

बेटी को गृह प्रवेश कराने के दौरान फूलो की बरषा कराकर जोरदार स्बागत किया गया नन्ही गुडिया के गृह प्रवेश के लिए सबसे पहले उसकी दादी ने दहलीज पर चावल से भरे रखे कलश को बच्ची के नन्हे पैरों से अंदर लुढ़कवाया। उसके बाद घर के आंगन में बिखरी फूलों की पंखुडियों से पैरों की छाप छुड़वाई। इतना ही नहीं शहर के सभी बरिष्ठ समाज सेवी व पत्रकार हितू मित्र व घर के सभी सदस्यों ने मोहल्ले में बेटी पैदा होने की खुशी में मिठाई बंटवाई। बेटी के जन्म पर घर सजाने और खुशियां मनाने के लिए पत्रकार आकाश शुक्ला ने अनोखी पहल चलाकर लोगों को जागरुक कर अच्छा संदेश दिया है अम्बाह पत्रकार संगठन सामाजिक संगठन व टीम क्लीन ग्रीन के सदस्य शहर के अलावा कस्बों और गांवों में पत्राचार के माध्यम से लोगों को बेटी पैदा होने पर घर में खुशियां मनाने और घर सजाकर नन्ही परी के भव्य स्वागत के लिए प्रैरित करने का काम कर किया है। उधर राबिया किन्नर ने अपने गाजे बाजे के साथ बधाई गाकर नन्री बिटिया को आर्शीबाद प्रदान कर कहा जैसे सूना चिडिया बिन आंगन वैसे ही बेटी बिना ये जीवन भी सूना है...

# कार्य के प्रति समर्पित एवं कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील निगमायुक्त के निर्देष पर सभी स्वच्छता मित्रों को गर्मी से बचाव के लिए भोजन के साथ वितरित किए जा रहे हैं फल एवं इलेक्ट्रॉल के पैकेट

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा भीषण गर्मी के दौरान निरंतर स्वच्छता का कार्य कर रहे स्वच्छ भारत मिशन के आधार स्तंभ सभी सफाई मित्रों को ठंडे पानी के लिए ब्रांडेड कंपनी की बोतलें दी गई हैं, जिससे वह कार्य के दौरान निरंतर ठंडा पानी पी सकें। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक स्वच्छता मित्र, वाहन चालक, सुपरवाइजर को दोपहर के भोजन के साथ संतरे, केले एवं इलेक्ट्रॉल पाउडर के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। जिससे वह अपने कार्य के साथ ही अपने स्वास्थ्य का ध्यान भी रख सकें।



नगर निगम के संवेदनशील निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल जिस प्रकार अपने कार्य के प्रति सजग व निरंतर सक्रिय एवं समर्पित रहते हैं तथा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों से भी यही उम्मीद करते हैं कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों को निर्वाहन पूर्ण ईमानदारी से करें। वहीं दूसरी ओर वह कर्मचारियों की आवश्यकताओं एवं सुविधाओं को लेकर भी सजग रहते हैं और उन्हें निरंतर यह चिंता रहती है कि उनका कोई भी कर्मचारी डयूटी के दौरान किसी भी प्रकार से परेशान न हो। फिर चाहे कर्मचारी के स्वास्थ्य की बात हो, कार्य के दौरान संसाधनों को बात हो या भोजन-पानी की बात हो।

वर्तमान में ग्वालियर शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत सर्वे का कार्य चल रहा है जिसके चलते नगर निगम के सभी स्वच्छता मित्र एवं स्वच्छता कार्य में लगे कर्मचारी निरंतर अपने दायित्वों को निर्वाहन कर रहे हैं तथा सुबह से लेकर रात तक निरंतर अपना कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निदेश पर सभी कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के तहत निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा निर्देश दिए गए कि भीषण गर्मी का मौसम है सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य को देखते हुए दो-दो फल एवं इलेक्ट्रॉल पाउडर के पैकेट वितरित किए जाएं। निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देश के पालन में शुक्रवार को सभी 41 कर्मचारियों को भोजन के पैकेट के साथ संतरे, केले एवं इलेक्ट्रॉल पाउडर के पैकेट वितरित किए गए। जिसको लेकर सभी कर्मचारियों द्वारा निगमायुक्त श्री कन्याल का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

विभिन्न वार्डो पर पदस्थ कर्मचारियों ने कहा कि निगमायुक्त श्री कन्याल कार्य के साथ-साथ हमेशा कर्मचारियों का ध्यान रखते हैं और निरंतर सभी आवश्यक संसाधन वर्दी, जूते, मास्क, सैनेटाइजर, ग्लब्ज, जैकेट सहित ठंडे पानी के लिए ब्रांडेड कंपनी की बोतल प्रदाय की गई है। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हैल्थ कार्ड भी प्रदान किए गए हैं जिससे कर्मचारी अपने आस पास के अस्पताल में बिना किसी लाइन के अपना चैकअप कराकर दवाएं प्राप्त कर सकते हैं। इसी क्रम में अब निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा हम सभी कर्मचारियों का ध्यान रखते हुए खाना उपलब्ध कराया जा रहा है और साथ में ही संतरे, केले एवं इलेक्ट्रॉल पाउडर के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। इसके लिए हम सभी निगमायुक्त श्री कन्याल जी के आभारी हैं।

## स्वच्छता सिटीजन फीडबैक में हम इंदौर, भोपाल, उज्जैन से आगे, शहरवासी करें सहयोग तो आएंगे नम्बर 1

ग्वालियर। वर्तमान में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 चल रहा है तथा स्थलों के निरीक्षण के साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से भी सभी शहरों के नागरिकों से ऑनलाइन सिटीजन फीडबैक भी लिया जा रहा है जो कि स्वच्छता की उच्च रैंकिंग निर्धारित करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। शुक्रवार 8 अप्रेल की स्थिति में नगर निगम ग्वालियर स्वच्छता सिटीजन फीडबैक में मध्य प्रदेश में इंदौर, भोपाल एवं उज्जैन से भी आगे प्रदेश में दूसरे नम्बर पर है तथा इसे प्रदेश के साथ ही देश में नम्बर 1 बनाने के लिए शहरवासियों के सहयोग की आवश्यता है, यदि शहर के नागरिक अपना सिटीजन फीडबैक देकर छोटा से सहयोग करेगें तो हमारा ग्वालियर स्वच्छता रैंकिग में उंची छलांग लगाएगा। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के अमले द्वारा पूरी मेहनत व प्रयास के साथ ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर वन बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें शहर के नागरिकों का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है जिसके लिए शहर के नागरिक बधाई के पात्र हैं, अब स्वच्छता सिटीजन फीडबैक भी इसी सर्वेक्षण का एक महत्वपूर्ण घटक है जिसमें अभी वर्तमान में 29241 सिटीजन फीडबैक के साथ ग्वालियर प्रदेश में दूसरे नम्बर पर लीड कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एक दिवसीय प्रवास पर आज ग्वालियर आयेंगे

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक दिवसीय प्रवास पर 9 अप्रैल को ग्वालियर आयेंगे। ग्वालियर जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात शिवपुरी जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगे और 9 अप्रैल की शाम को ही ग्वालियर से दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 9 अप्रैल को गतिमान एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली से ग्वालियर आयेंगे। प्रात~ 11 बजे ग्वालियर आकर जयविलास पैलेस जायेंगे। प्रात~ 11.45 बजे जयविलास पैलेस से रवाना होकर ग्राम रिछैरा में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री लोकेन्द्र पाराशर के निवास पर पहुँचेंगे और उनके चाचा के निधन होने पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया इसके पश्चात शिवपुरी जिले में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने रवाना होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया शिवपुरी जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात शाम 4.30 बजे ग्वालियर जिले के जौरासी हनुमान मंदिर पर पहुँचेंगे। पूजा-अर्चना के पश्चात श्री सिंधिया शाम 5.15 बजे चेम्बर ऑफ कॉमर्स पहुँचेंगे। इसके पश्चात मुखर्जी भवन पहुँचकर बैठक में शामिल होंगे। श्री सिंधिया शताब्दी एक्सप्रेस द्वारा ग्वालियर से दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

### मध्यप्रदेश के पथ विक्रेताओं ने स्वनिधि योजना सफल बनाई

**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हुए हितग्राही लाभान्वित मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समय पर कर्ज चुकाने वाले पथ विक्रेताओं को दी बधाई**

ग्वालियर। मध्यप्रदेश में छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले कारोबारियों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के प्रयासों में अच्छी सफलता मिली है। जहाँ हर महीने रोजगार मेलों के माध्यम से ऋ्रण योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित किए जा रहे हैं, वहीं व्यवसाय का उन्नयन करने वाली योजनाएँ लघु व्यवसाइयों की आर्थिक समृद्धि का आधार बन रही हैं। प्रदेश में 5 लाख से अधिक सब्जी विक्रेता, फल बेचने वाले, चाय और नाश्ते का ठेला लगाने वाले, पानी पुरी स्टाल लगाने वाले, बच्चों के खिलौने बेचने वाले हितग्राही अपने कारोबार की तरक्की करने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम स्वनिधि में लाभान्वित ऐसे 1 लाख 37 हजार से अधिक हितग्राहियों को बधाई दी हैं जिन्होंने बैंकों से प्राप्त 10 हजार रूपए के कर्ज का समय पर भुगतान कर फिर से कर्ज लेने की पात्रता हासिल कर ली है। अब ये लाभार्थी 20 हजार तक का ऋ्रण लेने के पात्र हो चुके हैं।

# ग्वालियर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के 25 हजार उपभोक्ताओं के बिजली बिल माफ




### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बेरजा में मुख्यमंत्री विद्युत बिल राहत योजना के तहत बाँटे प्रमाण-पत्र

### कहा सरकार ने किसानों के हित में क्रांतिकारी निर्णय लिए

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित मे क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार पूरी तरह किसानों के प्रति समर्पित है। सरकार ने अपने खजाने किसानों के लिए खुले रखे हैं। यह बात प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह शुक्रवार को ग्राम बेरजा में मुख्यमंत्री विद्युत बिल राहत योजना के तहत किसानों को प्रमाण-पत्र वितरित कर रहे थे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने कहा प्रदेश सरकार ने अकेले ग्वालियर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अतंर्गत ही 25 ह?ार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं के 27 करो? 55 लाख रुपये से अधिक के बिजली बिल माफ कर दिए हैं। इससे क्षेत्रीय किसानों को ब?ी राहत मिली है। उन्होंने कहा बिजली बिल माफ करने के साथ-साथ सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए भी कटिबद्ध है। इसी उद्देश्य से सरकार किसानों को ब?ा अनुदान देकर उद्यानिकी फसलें अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। श्री कुशवाह ने इस अवसर पर किसानों का आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ जैविक खेती और बागवानी भी करें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासी, विद्युत बिल राहत योजना के लाभार्थी किसान और विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## जो ठाकुरजी के गीतों को भाव से गाता है वह भव सागर से पार हो जाता है: हरिओम कृष्ण महाराज



ग्वालियर। महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव सागर से पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। यह बात दीनदयाल नगर स्थित दंदरौआ धाम हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह महारास का प्रसंग सुनाते हुए व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक पं.हरिओम कृष्ण महाराज ने कही। दीनदयाल नगर स्थित दंदरौआ धाम हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराते हुए शुक्रवार को भागवताचार्य जी के द्वारा रास के पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण कथा का वर्णन किया गया। कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते प्रभु की प्रत्येक लीला रास है। हमारे अंदर प्रति क्षण रास हो रहा है, सांस चल रही है, तो रास भी चल रहा है। यही रास महारास है। श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ, जिसे ब? ही धूमधाम से मनाया गया। रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन हेतु शामिल हुए पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से पूर्णरूपेण भरा था और सभी पुष्प वर्षा के साथ खूब झूम और नाच कर रहे थे। कथा के दौरान श्री आरबी चतुर्वेदी सहित बडी संख्या में क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित रहे।

# अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री मौर्य ने वार्ड 52 में घर-घर जाकर किया अवैध नल कनेक्शन का सर्वे



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में अवैध रुप से लगे नल कनेक्शनों का सर्वे कर वैध कराने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री आरएलएस मौर्य ने वार्ड 52 में घर-घर जाकर अवैध नल कनेक्शनों का सर्वे किया तथा वार्ड के सभी अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अधीक्षण यंत्री श्री मौर्य के साथ कार्यपालन यंत्री श्री संजय सिंह सोलंकी, सहायक यंत्री श्री प्रवीण दीक्षित, प्रभारी उपयंत्री श्री सूरज प्रताप उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा विगत दिवस पीएचई अमले की बैठक कर सभी संबंधित इंजीनियरों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि शहर के सभी वार्डों में अभियान चलाकर अवैध नल कनेक्शनों का सर्वे करें और अधिक से अधिक अवैध नल कनेक्शन वैध करने की कार्रवाई करें। निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा निर्देश दिए कि सभी वार्डों में टीमों का गठन कर अवैध नल कनेक्शनों को सर्वे कराया जाए। निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देश के परिपालन में अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री आरएलएस मौर्य ने उपखंड लश्कर पश्चिम क्रमांक 2 के तहत वार्ड 52 के फौजी मोहल्ला में घर-घर जाकर नल कनेक्शन का सर्वे किया। इसके साथ ही वार्ड में सर्वे दलों का गठन कर अवैध नल कनेक्शनों का सर्वे तेजी से करने के निर्देश दिए।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर दो दिवसीय प्रवास पर



ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर 9 व 10 अप्रैल को ग्वालियर एवं मुरैना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर 9 अप्रैल को प्रात~ 10 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर भितरवार के लखेश्वरी माता मंदिर पहुँचेंगे और पूजा-अर्चना करेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर दोपहर 2 बजे लखेश्वरी माता मंदिर से प्रस्थान कर मऊछ रिछैरा ग्राम में मीडिया प्रभारी भाजपा श्री लोकेन्द्र पाराशर के निवास पर पहुँचेंगे और उनके चाचा के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3.30 बजे रिछैरा से बानमोर जिला मुरैना के लिये प्रस्थान करेंगे। बानमोर में आयोजित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण एवं तहसील भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे।

## शहर के पार्कों में सूखे पत्तों से बन रही है जैविक खाद



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के सभी पार्कों में हरे व सूखे पत्तों से अत्याधुनिक मूवेवल नाडेफ टांका लगाकर जैविक खाद तैयार की जा रही है। पार्कों में बनने वाली यह जैविक खाद उन्हीं पार्कों एवं डिवायडरों व ऐसे पार्कों में हरियाली के लिए उपयोग की जाएगी जहां नाडेफ टांका लगाने की व्यवस्था नहीं है। नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं पार्कों में पौधों को स्वदेशी अच्छी खाद उपलब्ध कराने की दृष्टि से नगर निगम आयुक्त श्री किशार कन्याल के निर्देशन में निगम के पार्क विभाग द्वारा जैविक खाद के उत्पादन को प्रोत्सहित किया जा रहा है तथा निगम द्वारा शहर में अनेक पार्कों में अत्याधुनिक एवं एक स्थान से दूसरे सिन पर उठाकर रखने वाले नाडेफ टांका तैयार कराए हैं, जिन्हें निगम के विभिन्न पार्कों में लगाया गया है। निगम द्वारा स्टेशन बजरिया तिकोनिया पार्क, माधव नगर पार्क, बालभवन, बसंत विहार, गांधी पार्क, अम्बेडकर पार्क, जलविहार सहित अन्य कई पार्कों में नाडेफ टांका बनाकर सूखे पत्तों, फूलों, घास एवं गोबर इत्यादि से जैविक खाद बनाई जा रही है। निगम के इस अभियान में पार्क विभाग के राजकुमार नागर, अंकित परिहार सहित अन्य सभी पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी निरंतर मॉनीटरिंग कर रहे हैं। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि अन्य स्थानों पर भी जैविक खाद को बनाने के लिए युनिट लगाई जाएगी जिससे इस प्रकार की जैविक खाद को बढावा मिले तथा हमारे पार्कों व पौधों को बिना किसी कैमिकल वाली जैविक खाद मिल सके और पार्कों से निकलने वाले कचरे का निष्पादन हो सके।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478